आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ...

• वर्ष- 16 अंक 315 • कटनी • मंगलवार, 20 दिसम्बर, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • पौष कृष्ण पक्ष-12 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## राजधानी एक्सप्रेस में ऑमलेट में निकला कॉकरोच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक पैसेंजर को अपने खाने में कॉकरोच मिला। यह खाना इंडियन रेलवे ने सर्व किया था। पैसेंजर ने खाने का फोटो लेकर ट्वीट किया और घटना के बारे में भारतीय रेलवे और रेल मंत्री पीयूष गोयल से जवाब मांगा। 16 दिसंबर की इस घटना के सामने आने के बाद रेलवे ने आरोपी कुक को सर्विस से हटा दिया है।

## इंदौर में मिला भोपाल के युवक का गला कटा शव

**इंदौर, ईएमएस।** इंदौर में सोमवार रात युवक का शव मिला है। गला रेता गया है। शव इंदौर रेलवे स्टेशन के सामने कल्याण विश्रांति गृह में मिला। युवक के पास से मिले डॉक्यूमेंट्स के आधार पर उसका नाम श्याम सुंदर बताया जा रहा है। पुलिस को प?ताल में पता भोपाल के मोहिनी सेक्टर का मिला है।

### विस में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन हंगामा

# अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार कल होगी चर्चा

### कमलनाथ बोले- छिंदवाड़ा से हो रहा भेदभाव भदौरिया का जवाब- सबसे ज्यादा विकास यहीं

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज मंगलवार को दूसरा दिन है। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस पर बुधवार को चर्चा होगी। आज प्रश्नकाल में छिंदवाड़ा के परासिया से कांग्रेस विधायक सोहन लाल बाल्मीकि ने छिंदवाड़ा जिले में जनभागीदारी का पैसा न मिलने का मुद्दा उठाया। इस पर कमलनाथ उठे और कहा कि विधायक की बात से मैं सहमत हूं। छिंदवाड़ा जिले के साथ भेदभाव किया जा रहा है। इसके जवाब में शहरी विकास और आवास मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा- सबसे ज्यादा विकास छिंदवाड़ा और जीतू पटवारी की विधानसभा में हुआ है। सत्तापक्ष ने कमलनाथ के बयान पर हंगामा किया। इस पर हंगामेदार बहस हुई।



### मार्को बिजली बिलों का एप्रन पहनकर पहुंचे

कांग्रेस विधायक फुंदेलाल मार्को बिजली बिलों का एप्रन पहनकर विधानसभा पहुंचे। विधायक का आरोप है कि न बिजली है, न मीटर, फिर भी आदिवासियों के बिजली के बिल आ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार में 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली मिलती थी। इसे भाजपा ने बंद कर दिया गया है।

**गोविंदपुरा से विधायक कृष्णा गौर ने कहा-** अशुद्ध और मिलावटी खाद्य सामग्री सेहत पर बुरा असर डालती है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी से पूछा- जो पांच सैंपल पनीर के लिए गए थे, उसकी एक दिन बाद रिपोर्ट आ गई। जांच में सैंपल अमानक पाया गया। इसके बावजूद इस मामले को न्यायालय में पेश नहीं किया गया। ये अधिकारियों की लापरवाही है। मंत्री चौधरी ने जवाब देना शुरू किया, तो विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर मंत्री ने कहा- आप लोग सुन लीजिए। जो काम आप लोगों ने नहीं किए, वो मप्र सरकार कर रही है। इस पर कांग्रेस विधायक सोहन बाल्मीक ने कहा कि ये खुद मिलावटी हैं।

### विधायक निधि में जीएसटी क्यों : तरूण

तरूण भनोट ने कहा, विधायक निधि के कामों में जीएसटी बंद होना चाहिए। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा- ये बात सही है कि वित्तीय वर्ष में अगर काम नहीं हो पाता, तो राशि लैप्स हो जाती है। ऐसी व्यवस्था बनाएंगे कि विधायक निधि से वित्तीय वर्ष में काम नहीं हो पाया, तो अगले साल में उस राशि से काम हो जाए। जनभागीदारी की राशि को जारी करा देंगे। जो भी समस्या विधायक निधि के बारे में बताई है, उन सभी व्यवस्थाओं को सुधार करा देंगे। तरुण ने कहा- यह कह दें कि जीएसटी नहीं लगेगी। वित्त मंत्री ने कहा तीनों बातों से मैं सहमत हूं, इन पर जल्दी विचार करके समाधान करा देंगे। अजय विश्नोई ने कहा- स्वेच्छानुदान की राशि में प्रक्रिया लंबी है। बीमार व्यक्ति को राशि तब मिलती है जब या तो उसकी मृत्यु हो जाती है या उसकी अस्पताल से छुट्टी हो जाती है। अकाउंट में कई प्रकार की खामियां होने के कारण राशि नहीं पहुंच पाती। इसमें चेक सिस्टम शुरू किया जाए। नीना ने कहा, मैंने जो विधायक निधि से राशि स्वीकृत कराई थी। ई-टेंडरिंग के कारण लोग टेंडर नहीं लेते। 10 लाख से नीचे की राशि का ई-टेंडर न कराया जाए। राशि किश्तों में जाती है, उसका प्रशासकीय स्वीकृति एक साथ हो जाए। लोकसभा की तरह विधायक निधि की राशि अगले साल में कैरी फॉरवर्ड कर दिया जाए।



### कोरोना से हाहाकार -90 दिन में 60प्रश चीन संक्रमित

# 2023 के अप्रैल में आएगा पीक लाखों मौतों की आशंका

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में कोरोना प्रतिबंधों में ढील के बाद वहां संक्रमण की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। जीरो-कोविड पॉलिसी खत्म होने के बाद केसेस में भारी इजाफा हो रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि अस्पतालों के सभी बेड भरे हैं। दवाएं नहीं हैं, जहां हैं भी वहां लंबी लाइन लगानी पड़ रही है। बीजिंग में श्मशानों में 24 घंटे अंतिम संस्कार किए जा रहे हैं। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि संस्कार के लिए वेटिंग 2000 तक पहुंच गई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि चीन में कोरोना केस दिनों नहीं, बल्कि घंटों में दोगुने हो रहे हैं। अमेरिकी साइंटिस्ट और महामारी विशेषज्ञ एरिक फेगल-डिंग ने सोशल मीडिया पर चीन के चौंकाने वाले वीडियोज शेयर किए हैं। इनमें अस्पतालों, श्मशानों और मेडिकल स्टोर्स के चिंताजनक हालात दिखाई पड़ रहे हैं। उन्होंने कोरोना पर बड़ी चेतावनी दी है। कहा कि 90 महीने में चीन की 60त्र आबादी और दुनिया के 10त्र लोग कोरोना से संक्रमित होंगे। करीब 10 लाख मौतों की आशंका है। हाल ही में अमेरिका के 'इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवेलुएशन' ने भी कुछ ऐसा ही अनुमान लगाया था। चीन में कोरोना से होने वाली मौतों के बारे में हाल ही में एक रिपोर्ट जारी हुई है। द्घास्द्ध ने अनुमान लगाया है कि 2023 तक चीन में कोरोना के कारण 10 लाख से ज्यादा लोगों की मौत होगी। ये अनुमान चीन में कोविड प्रतिबंधों के खात्मे के बाद की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लगाए गए हैं। रिपोर्ट की मानें तो चीन में अप्रैल की शुरुआत में कोरोना मामलों का पीक आएगा। उस समय तक मौतों की संख्या 3 लाख 22 हजार तक पहुंचने की आशंका है। द्घास्द्ध के डायरेक्टर क्रिस्टोफर मुर्रे के अनुसार अप्रैल तक चीन की एक तिहाई आबादी को कोरोना का संक्रमण हो चुका होगा।

भारत में तोड़ रहा दम



बीजिंग में 24 घंटे हो रहे अंतिम संस्कार, 2000 तक वेटिंग... अस्पतालों में बेड-दवाएं नहीं



## खड़गे के कुत्ते वाले बयान पर संसद में हंगामा

### BJP ने कहा- माफी मांगे; कांग्रेस अध्यक्ष बोले- जो कहा सही कहा

**नई दिल्ली, ईएमएस।** संसद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कुत्ते वाले बयान पर मंगलवार को राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। भाजपा ने खड़गे से माफी की मांग की और कहा कि उन्होंने देश के सामने झूठ पेश करने की कोशिश की। उधर, खड़गे का कहना है कि उन्होंने जो कहा वह सदन के बाहर कहा था। सांसद पीयूष गोयल ने कहा कि रविवार को अलवर में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अभद्र भाषण दिया। उन्होंने जिस तरह से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, निराधार बातें कहीं और देश के सामने झूठ पेश करने की कोशिश की। खड़गे को भाजपा, संसद और इस देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। खड़गे ने हमें उनकी मानसिकता की झलक दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान के अलवर में रविवार को कहा था- हमने देश को आज़ादी दिलाई और देश की एकता के लिए इंदिरा और राजीव गांधी ने अपनी जान की क़ुर्बानी दी। हमारे पार्टी के नेताओं ने अपनी जान दी, आपने क्या किया? आपके घर में कोई देश के लिए कुत्ता तक मरा है? क्या (किसी ने) कोई क़ुर्बानी दी है? नहीं।

## जमात-ए-इस्लाम की 200 करोड़ की संपत्ति सील

**श्रीनगर, एजेसी।** जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों को फंडिंग देने वाले प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी की 100 करो? रुपए की प्रॉपर्टी रविवार को स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (स्द्ब) ने सील की। यह कार्रवाई गांदरबल, बांदीपोरा, कुपवाड़ा और बारामूला जिलों में हुई। राज्य में आतंकी संगठनों की फंडिंग रोकने के लिए एजेंसी पिछले कुछ समय से कार्रवाई कर रही है। इसके तहत अब तक जमात-ए-इस्लामी की 200 करोड़ रुपए की संपत्ति सील की जा चुकी है।

## शोपियां में एनकाउंटर लश्कर के तीन आतंकियों का खत्मा

### एक दहशतगर्दी कश्मीरी पंडित पूरन भट्ट की हत्या में शामिल था



**श्री नगर, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर में शोपियां के मुंज मार्ग इलाके में आज सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें लश्कर के तीन आतंकी मारे गए। इनके पास से 1 एके 47 राइफल और 2 पिस्तौल बरामद हुई हैं। इसकी जानकारी कश्मीर जोन पुलिस ने ट्विटर पर दी है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में नाकेबंदी सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। एडीजीपी कश्मीर ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी स्थानीय थे। इनमें से दो की पहचान हुई है। आतंकी लतीफ लोन शोपियां का रहने वाला था, जो कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भट्ट की हत्या में शामिल था और अनंतनाग का उमर नजीर नेपाल के तिल बहादुर थापा की हत्या में शामिल था। वहीं, तीसरे आतंकी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंज मार्ग इलाके में सुरक्षाबलों को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद जवानों ने इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। इसी बीच आतंकियों ने फायरिंग कर शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद एनकाउंटर शुरू हो गया। फिलहाल, मौके पर सुरक्षाबलों की टीम मौजूद है और सर्च ऑपरेशन जारी है। शोपियां के चौदरीगुंड गांव में कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भट्ट की आंतकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## Tablighi Jamaat ने की थी कोल्हापुर में उमेश कोल्हे की हत्या

### NIA की चार्जशीट में खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हुई दवा विक्रेता उमेश कोल्हे की हत्या के मामले में चार्जशीट दायर कर दी है। चार्जशीट में एनआईए ने बताया कि है कि तब्लीगी जमात के कट्टरपंथी समर्थकों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। उमेश कोल्हे ने भाजपा नेता नुपूर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। नुपूर ने एक टीवी चैनल पर बहस के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। बता दें, उमेश कोल्हे से पहले राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की भी हत्या कर दी गई थी। कन्हैयालाल ने भी नुपूर शर्मा का समर्थन किया था। अमरावती हत्याकांड की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपने आरोप पत्र में दावा किया है कि उन्होंने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें 11 तब्लीगी जमात से जुड़े हैं।तब्लीगी जमात एक अंतर्राष्ट्रीय देवबंदी इस्लामिक मिशनरी आंदोलन है जो मुसलमानों को धर्म की शिक्षा देता है।

## बस ने स्कूली बच्चों से भरी पिकअप को टक्कर मारी



### 1 बच्चे की मौत, 20 घायल, कोहरे की वजह से हुआ हादसा

**रीवा, यशभारत।** रीवा जिले में मंगलवार सुबह ब?ा हादसा हो गया। यहां एक बस ने स्कूली बच्चों को ले जा रही पिकअप गाड़ी में टक्कर मार दी। पिकअप में 35 बच्चे थे। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई, वहीं 20 से ज्यादा बच्चे घायल हैं। घायलों में 4 बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को जवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। गंभीर रूप से घायलों को यहां से रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसा पनवार थाना इलाके के पटियारी के पास सुबह 9 बजे जवा-डभौरा मार्ग पर हुआ। डभौरा थाने के निरीक्षक डीके दाहिया के मुताबिक, बस ढमरौहा की ओर से आ रही थी। पुलिस के मुताबिक घने कोहरे की वजह से हादसा हुआ है।

### फायदे से ज्यादा जोखिम पर छिड़ी बहस

## ढाई साल के बच्चे को कफ सीरप देने के बाद 20 मिनट तक बंद हो गई धड़कन



**मुंबई,ईएमएस।** दक्षिण मुंबई के एक डॉक्टर परिवार के लिए पिछले 15 दिसंबर खौफनाक दिन था। उन्होंने अपने बीमार बच्चे की खांसी ठीक करने के लिए कफ सिरप दिया। कफ सिरप देने के कुछ ही देर बाद 30 महीने के बच्चे की सांसें थम गईं। लगभग 20 मिनट तक वह ऐसे ही रहा। डॉक्टर दंपती ने देखा कि उसकी नब्ज नहीं चल रही है। वह घबरा गए। हालांकि बच्चे को समय से इलाज मिला और वह ठीक हो गया। खांसी की दवाई का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, लेकिन दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. तिलू मंगेशिकर का अनुभव बहुत डरावना था। अब इस पर बहस छिड़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों को खांसी ठीक करने वाला सिरप तीन या चार साल से कम उम्र के बाद ही दिया जाना चाहिए। 15 दिसंबर को डॉ. मंगेशीकर के ढाई साल के पोते को खांसी हुई। उसकी मां ने उसे एक मल्टिनेशनल कंपनी की खांसी की दवाई दी। सिरप देने 20 मिनट बाद वह अचानक गिर गया। उन्होंने बताया कि उसकी नाड़ी नहीं चल रही थी और वह सांस नहीं ले रहे थे। अगले 20 मिनट तक उसकी हालत ऐसी ही रही। वे लोग घबरा गए। उसे तुरंत हाजी अली में एसआरसीसी अस्पताल ले गए, अस्पताल में उसे कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिया गया। आखिर उसकी सांसें लौटीं।

### कॉम्बिनेशन है खतरनाक

डॉक्टर ने बताया कि बच्चे को अपनी आंखें खोलने, ब्लड सर्कुलेशन और हार्ट बीट वापस पाने में 17 मिनट लगे। कई जांच की गईं लेकिन हमें खांसी की दवाई के अलावा कोई कारण नहीं मिला। परिवार ने इसे लेकर पढ़ना शुरू किया। जब उन्होंने मेडिकल लिट्रेचर पढ़ा तो उन्हें पता चला कि दवा में क्लोरोफेनरामाइन और डेक्सट्रोमेथोर्फन यौगिकों का कॉम्बिनेशन था। एफडीए ने 4 साल से कम उम्र में इस कॉम्बिनेशन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक चेतावनी लेबल लगाया है। हालांकि, यहां ऐसा कोई लेबलिंग नहीं है और डॉक्टर इसे प्रिस्क्राइब कर रहे हैं।



# निजी अस्पतालों को फायर एनओसी मामले में नहीं मिली राहत, हो सकती है कार्रवाई



**कटनी, यशभारत।** शहर के 22 निजी अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस जारी किया दूसरे नोटिस पर भी अस्पतालों ने अभी तक कोई कार्रवाई नही की है। मतलब जिस औपचारिकता को किया जाना जरूरी था वह अब तक नहीं हो सकी है। सूत्रों के मुताबिक गत दिवस कटनी पहुचे मुख्यमंत्री के पास भी यह मामला पहुंचा हालांकि सीएम की तरफ से इस बावद कोई आश्वासन नहीं दिया गया साफ है कि आने वाले दिनों में अस्पतालों पर कार्रवाई हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि एक माह के अंदर संचालकों को फायर एनओसी जमा करना था, लेकिन आज तक नहीं कीं गईं। नोटिस जारी कर तत्काल फायर एनओसी जमा करने कहा गया है और जमा न करने की स्थिति में पंजीयन निरस्त किया जाएगा। आपको बता दें शहर के 22 निजी अस्पताल ने अभी तक फायर एनओसी जमा नही की है और उसके चलते उन्हें नोटिस जारी करते हुए पंजीयन निरस्त करने की चेतावनी दी गई थी। निजी अस्पताल के संचालकों की इस संबंध में कलेक्टर के साथ बैठक भी रखी गई थी।

# अब शुरू होगा जोरदार ठंड का सितम

## हिमालय की तराई वाले क्षेत्र से आती हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज

**कटनी, यशभारत।** एक पखवाड़ा पहले बंगाल की खाड़ी में उठे मांडू तूफान का असर ठंड पर रहा। इसके कारण जिले में एक पखवाड़े से मौसम सामान्य था। आसमान में बादल छाए रहने के कारण ठंड का ज्यादा अहसास नहीं हो रहा था, लेकिन दो दिनों से फिर ठंड का सितम चालू हो गया है, हालांकि रात में ठिठुरन रहती है और दिन में तेज धूप के कारण लोगों को आराम मिलता है। मौसम विभाग के अनुसार बादल छटने के कारण व हवा की दिशा पूर्वी हो जाने के कारण जिले में ठंड का प्रकोप बढने लगा है। इसके कारण ठंड ने एकाएक जोर पकडना शुरू कर दिया है।

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी हवा हिमालय की तराई वाले क्षेत्र से आती है, जिसके



कारण ठंड हो रही है। एक सप्ताह के अंदर धीरे-धीरे हवा की रफ्तार और बढ़ेगी तो ठंड और बढ़ेगी। अब रात का तापमान 6 से 7 डिग्री के बीच बना रहेगा। वहीं दिन में अभी राहत रहेगी। रविवार को रात का तापमान 6.07 डिग्री सेल्सियस और दिन का तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। दिन का तापमान भी 25 से 7 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

### दिशा बदलते ही बढ़ेगा सर्दी का सितम

मौसम विभाग के अनुसार एक सप्ताह के अंतराल में पूर्वी हवा के स्थान पर हवा की दिशा उत्तर-पूर्व होने पर ठंड का सितम चालू हो जाएगा। रात में ठंड का इजाफा तो होगा ही साथ दिन में भी ठंड पडने लग जाएगी। पश्चिमी विक्षोभ बनने पर हवा की दिशा में परिवर्तन होगा, जिससे एकाएक मौसम बदलेगा और कोहरा भी पडने लगेगा। मौमस विभाग का अनुमान है कि 6 डिग्री के नीचे तापमान आने पर स्थिति चिंताजनक होगी। अभी भी ठंड से बचाव व सावधानी सभी के लिए आवश्यक है।



# अभाविप ने बनाई मानवता की दीवार

**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सेवार्थ विद्यार्थी कटनी नगर में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता दिवस पर साप्ताहिक पखवाड़ा के अंतर्गत वस्त्र एकत्रीकरण (क्लॉथ कलेक्शन) का अभियान शा. तिलक महाविद्यालय में कार्यकर्ताओं के माध्यम से चलाया गया था उपरांत कटनी के मिशन चौक में सेवा परमो धर्म के भाव को रखते हुए मानवता की दीवार बनाई गई जिसका उद्देश्य असहाय लोगों को मौसम अनुकूल वस्त्र मिल सके तथा उसका उपयोग वह कर सके साथ ही जरूरतमंद आवश्यकता अनुसार यहां से वस्त्र ले जा सकते है और जो वस्त्र दान करना चाहता है, वो यहां वस्त्र रख सकते है। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतना विभाग प्रचारकसंजय तिवारी, विभाग सह प्रचारक हरिनारायण चौबे, एबीवीपी क्षेत्रिय छात्रा प्रमुख वसुंधरा सिंह, जिला संयोजक ऋषभ मिश्रा, सह जिला संयोजक सीमांत दुबे, विभाग संयोजक सिप्तैन रजा, श्रेयांशु, ऋषभ, मुकेश, अवध, आयुष, अनुष्का, ज्योत्सना, सौम्या, रोहित, व्योम, अंश, आराध्य, आशुतोष, देवांशू व समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।




# मिलिंग के 40 करोड़ की राशि का भुगतान कागजी खानापूर्ति में फंसा

## मिलर्स में निराशा, भुगतान की अपेक्षा को लेकर नान प्रबंधक से मिले मिलर्स

कटनी, यशभारत। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग (नान) में मनमानी और लापरवाही का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। धान खरीदी केंद्र से लेकर परिवहन उठाव और मिलिंग कराने तक भ्रष्टाचार का आलम बना हुआ है। मिलर्स को धान की मिलिंग के लिए राशि का भुगतान नहीं किए जाने से आधा सैकड़ा मिलर्स में उत्साह का अभाव है। करीब 52 मिलर्स द्वारा आज नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक नरसिंह पंवार से भेंट कर मिलिंग की राशि प्रदान करने का आग्रह किया गया। बताया जाता है कि करीब 52 मिलर्स की मिलिंग के लिए लगभग 35 से 40करोड का भुगतान कागजी खानापूर्ति से अभी शेष है। जिससे मिलर्स हताश और निराश है उनकी बैचेनी बढ़ रही है।




### कमीशनखोरी के खेल में तो नहीं अटका भुगतान!

सूत्रों की माने तो नागरिक आपूर्ति निगम में कमीशन खोरी का खेल नया नहीं है इसके पूर्व भ्रष्टाचार के आरोप में नान प्रबंधक लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ चुके है। कही ऐसा तो नहीं इसी वजह से राशि का भुगतान कराने में अड़चनें पैदा हो रही हो। सूत्रों की माने तो जो मिलर्स एडवांस में साढे 3 प्रतिशत कमीशन देते हैं उनका राशि का भुगतान कराने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। हालांकि नान प्रबंधक नरसिंह पंवार के पदभार ग्रहण करने के बाद व्यवस्थाओं में काफी कुछ सुधार नजर आ रहा है।

### इनका कहना है

मिलर्स की समस्या का समाधान किया जाएगा। नागरिक आपूर्ति निगम के नियम और शर्तों के मुताबिक कार्य किया जाएगा। इसके पूर्व क्या गतिविधियां थी यह तो नहीं पता लेकिन उनके कार्यकाल में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। कमीशन की बातें गलत और बेवुनियाद है।

**-नरसिंह पंवार,** प्रबंधक, नान

# मोजे-जूते पाकर बच्चे हुए खुश

**कटनी, यशभारत।** सुदर्शना क्लब कटनी द्वारा स्कूली छात्राओं को मोजे जूते वितरित किये गए। महिला बाल विकास एवं समाज सेवा को विगत 27 वर्षों से समर्पित संस्था सुदर्शना ने मीरा भार्गव के निर्देशन में कल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिविल लाइन कटनी में 6वीं 7 वीं 8 वीं क्लास की 70 बालिकाओं को मोजे और 10 बालिकाओं को जूते मोजे प्रदान किये गए। वितरण के पूर्व संस्था की वरिष्ठ सदस्य कान्ता भौमिया संरक्षिका हीरामणि बरसैंया और सीमा नाहर ने छात्राओं को सम्बोधित किया और उन्हें जीवन मे आगे बढ़ने की प्रेरणा पूरी मेहनत और लगन से करने की शिक्षा और



समझाइश दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अलका अग्रवाल ने एक प्रेरणा गीत सुनाया। कान्ता भोमिया और हीरामणि बरसैन्या तथा सीमा नाहर ने अपनी प्रेरक कविताओं से छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। इस प्रशंसनीय कार्य में सहयोग सुदर्शनादीप शिखा शिवहरे और ज्योति श्रीवास्तव का रहा। विशेष उपस्तिथि मुक्ता जैन राजेश तिवारी स्कूल प्रिंसपल, दीपशिखा शिवहरे, हीरामणि बरसैन्या, कान्ता भौमिया, अलका अग्रवाल, सुनीता कनकने और शाला शिक्षिकाओं की रही। मोजे जूते वितरण के पश्चात श्रीमती शिवहरे, सुनीता कनकने ने सभी को टॉफियां भी बांटी। सभी छात्राएं बहुत प्रसन्न हुई। अंत मे ज्योति श्रीवास्तव और मुक्ता जैन ने सुदर्शना संस्था और सदस्यों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# छात्रवास में अचानक पहुंचे अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, बच्चों के साथ खिंचवाई सेल्फी, ली व्यवस्थाओं की जानकारी




**कटनी यशभारत।** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने आए अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह कटनी नगर के अनुसूचित जाति बालक छत्रवास में बच्चों से मुलाकात की।इस दौरान श्री आर्य ने बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के विषय मे जाना।साथ ही बच्चों से संवाद किया।साथ ही केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। श्री आर्य के साथ संबंधित विभाग के आला अधिकारी व कर्मचारी सहित स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।



# फिर से हुई बाघ की मूवमेंट, दहशत में वाशिंदे, दो को कर चुका घायल

**कटनी, यशभारत।** एक बार फिर से कटनी से लगे टाइगर रिजर्व बांधवगढ़ से सटे बसे कटनी के क्षेत्र में बाघा की मूवमेंट से लोगों में दहशत है आपको बता दें कि कुछ दिन पहले बाघ को रहवासी क्षेत्र में देखा गया था। कटनी जिले के बरही तहसील क्षेत्र में टाइगर की दहशत बनी हुई है। एक सप्ताह के भीतर बाघ दो लोगों पर हमला कर चुका है। वन विभाग की टीमें बाघ पर नजर रख रही हैं, लेकिन अब तक वह उनकी पहुंच से बाहर है। इस बीच ग्रामीण लगातार डरे हुए हैं। बरही और बड़वाड़ा वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 485 की बीट बरेला के आसपास टाइगर का मूवमेंट बना हुआ है। बाघ ने बुधवार सुबह ग्राम केवलारी में शौच क्रिया करने गए युवक प्रमोद भूमिया पर हमला कर घायल कर दिया। युवक को बरही अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसके पहले आठ सितंबर को हेतराम विश्वकर्मा नामक एक बुजुर्ग पर बाघ ने हमला कर दिया था। बुजुर्ग का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वन विभाग की तीन टीमें बीते आठ दिनों से बाघ की टोह में हैं। जगह-जगह कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन बाघ उनकी पहुंच से अब तक दूर है। इसके चलते इलाके में लोगों के बीच दहशत का माहौल है। वन विभाग ने लोगों को हिदायत दी है कि जंगलों में अकेले न जाएं।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 16 से
सुबह 11.30-2डी, 3-3डी, 6.45-3डी एवं रात्रि 10.15-2डी बजे से
अवतार
3D
(हिन्दी में)
टिकट रेट
3डी- 300/-, 280/-, 240/-
2डी - 250/-, 230/-, 190/-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402




सिटी मॉल बरही रोड में
कॉमेडी का नया तड़का क्रिसमस और नये वर्ष में सपरिवार देखने योग्य फिल्म
रोजाना 4 शो ता. 23 से
दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से




सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 23 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 100/-
बॉक्स- 120/-
लोवर क्लास-50/-
अपर क्लास-80/-




# महिला हिंसा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** गत दिवस कन्या महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महिला हिंसा जागरूकता पर संगोष्टि आयोजित की गयी इस कर्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री घोषणा पत्र ष0537 के अंतर्गत किया गया इस कार्यकम में मुख्य परामशदाता दिव्या तिवारी रही उन्होंने छात्राओं को विभिन्न प्रकार से होने बाली घरेलू हिंसा की जानकारी से अवगत कराया इस कार्यक्रम में NSS प्रभारी डॉ रीता मिश्रा ऋचा पांडेय डॉ प्रतिभा सिंह पूनम गर्ग की उपस्थिति रही।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 20 दिसम्बर 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लामबंद हुई महिलाएं

## रीठी थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा में दौरे पर आए विधायक को सड़क पर रोककर महिलाओं ने बताई व्यथा

**रीठी/कटनी, यशभारत।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब की बिक्री रूकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस एवं आबकारी विभाग के संरक्षण में पिछले काफी समय से गांव-गांव अवैध रूप से पैकारियां संचालित हो रही हैं। अवैध शराब की खुलेआम बिक्री के चलते अनैतिक गतिविधियों के साथ ही अपराधिक वारदातों में भी इजाफा हो रहा है। विगत 14 दिसंबर को ग्राम नयाखेड़ा में भ्रमण पर आए बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे को गांव की महिलाओं ने सड़क पर ही रोक लिय और गांव में अवैध पैकारी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

महिलाओं ने विधायक प्रणय पांडे से अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि नयाखेड़ा में खुलेआम अवैध पैकारी चल रही है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। गांव के लोगों को परेशानियां हो रही है। महिलाओं द्वारा अवैध पैकारी को बंद किए जाने की मांग पर विधायक श्री पांडे ने मौके पर ही सलैया पुलिस को अवैध पैकारी बंद करने के निर्देश दिए। सलैया पुलिस ने भी गांव की महिलाओं को आश्वास्त किया कि यहां अब अवैध शराब नहीं बिकेगी। बताया जाता है कि विधायक श्री पांडे के निर्देशों और सलैया पुलिस के आश्वासन के बाद भी नयाखेड़ा में अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि आश्वासन के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।


बीच बाजार शराब दुकान हटाने लामबंद हुए ग्रामीण
रीठी में बस स्टैण्ड एवं स्कूल के पास संचालित शराब दुकान को हटाए जाने की मांग

### रीठी में भी नहीं हटी शराब दुकान

रीठी मेन बाजार में बस स्टेंड के पास स्थित शराब दुकान अब तक नहीं हटी है। नवंबर में क्षेत्र के लोगों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं रीठी बंद के दौरान शराब दुकान को हटाने के लिए आश्वासन दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी शराब दुकान को नहीं हटाया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने कहा कि बीच बस्ती में शराब दुकान होने की वजह से पूरे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। दुकान को क्षेत्र के बाहर यदि नहीं ले जाया गया तो एक बार फिर आंदोलन की तैयारी की जाएगी।


विधायक को अपनी व्यथा बताती महिलाएं।

### महिलाओं ने कहा : तत्काल बंद कराई जाए अवैध पैकारी

बताया जाता है कि विगत 14 दिसंबर को बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ग्राम नयाखेड़ा के दौर पर आए थे। जैसे ही उनकी गाड़ी यहां पहुंची, वैसे ही बड़ी संख्या में पहले से एकत्रित महिलाओं ने बीच सड़क पर उनकी गाड़ी रोक ली। विधायक जब कार से बाहर निकले, तो महिलाओं ने अपनी व्यथा उनसे बताई। महिलाओं ने कहा कि गांव में नियम विरूद्ध पैकारी चल रही है। उसे तत्काल बंद कराया जाए। विधायक ने महिलाओं की आपबीती सुनने के बाद मौके पर उपस्थित सलैया पुलिस को पैकारी बंद कराने के लिए कहा। पुलिस ने कहा कि अब यहां शराब नहीं बिकेगी, लेकिन इस घटनाक्रम के एक सप्ताह बीतने के बाद भी अवैध शराब की बिक्री पर रोक नहीं लगी है।

### विधायक व सलैया पुलिस के आश्वासन के बावजूद नहीं रूकी अवैध शराब की बिक्री

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अवैध शराब की बिक्री के पीछे आबकारी विभाग के कतिपय अधिकारियों एवं पुलिस विभाग का खुला संरक्षण है, जिससे अवैध शराब की बिक्री करने वाले लोगों के हौंसले बुलंद है। पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी विधायक के निर्देशों को भी तवज्जो नहीं दे रहे। बताया जाता है कि रीठी थाना क्षेत्र की सलैया पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम नयाखेड़ा में पिछले काफी समय से अवैध रूप से पैकारी का संचालन किया जा रहा है, यहां सुबह से लेकर शाम और देर रात तक खुलेआम शराब की बिक्री की जाती है। शाम होते ही सुरा प्रेमियों का जमावड़ा लगने लगता है। नशे में धुत्त होकर अपराधिक तत्व गांव के सभ्य लोगों को परेशान करने से भी नहीं बाज आते। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है। गांव में अवैध शराब की बिक्री के चलते घरों में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।


मौके पर पुलिस को निर्देश देते विधायक।

### पहले भी कई गांवों में हो चुका है प्रदर्शन

बताया जाता है कि जिले में रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव-गांव खुलेआम अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है। पंचायत चुनाव के बाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन से अधिक गांवों में सरपंचों के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन भी हो चुके हैं। हरद्वारा, खाम, उमरिया, पटेहरा सहित अन्य गांवों में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया जा चुका है। इसके बाद भी इस पर रोक नहीं लगी है। इसके अलावा रीठी मेन बाजार में संचालित देशी एवं विदेशी शराब दुकान को रीठी से बाहर स्थानांतरित करने की मांग को लेकर भी धरना प्रदर्शन हो चुका है। देवगांव में भी विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है। इसके बाद भी न तो शराब दुकान को स्थानांतरित किया गया है और न ही अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाई गई है।

### कटनी की सुम्बुल एशिया के लोकप्रिय सितारों में शामिल

**कटनी, यशभारत।** हर साल इंग्लैण्ड से जारी होने वाली लोकप्रिय एशिया की 50 शख्सियतों की सूची में कटनी की सुम्बुल तौकीर को 44वां स्थान प्राप्त हुआ है। 19 साल की उम्र में यह सम्मान पाने वाली सुम्बुल देश की पहली सबसे युवा शख्सियत है। उसने महज 9 साल की उम्र से टीवी धारावाहिक में काम शुरू करना किया था। जोधा-अकबर, वारिस और इशारों-इशारों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के बाद उसने आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म आर्टिकल 15 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सही मायने में उसे पहचान स्टार प्लस के धारावाहिक इमली ने दी, जिसमें सुम्बुल ने मुख्य भूमिका निभाई। यह धारावाहिक लगातार 2 साल तक सबसे ज्यादा टीआरपी पाने वाले धारावाहिकों में शामिल रहा। इसके चलते सुम्बुल हर घर में इमली के नाम से जानी जाने लगी। फिर विवार विथ स्टार परिवार में सुम्बुल ने अपनी चुलबुली अदाओं से सबका मन मोह लिया। आज सुम्बुल बिगबॉस 16 में भी अपनी कला का परचम फहरा रही है। सुम्बुल के पिता तौकीर हसन खान कोरियोग्राफर और छोटी बहन सानिया भी एक जानी मानी टीवी कलाकार है।

# इतना वेतन तो मिले कि परिवार पाल सकें




### आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** आशा ऊषा महिला संगठन, कटनी मध्यप्रदेश ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश संरक्षक अमित पटेल बरही, प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती नर्मदा ठाकरे के मार्गदर्शन में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई। आशा ऊषा कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार हमारा शोषण कर रही है। हम मरीजों के लिए दिन-रात उपलब्ध रहते हैं, परन्तु सरकार हमें इतना भी वेतन नहीं दे रही है कि हम अपना परिवार पाल सकें। मंहगाई निरंतर बढ़ रही है, परन्तु हमारा वेतन मात्र 2 हजार महीना मिल रहा है, जो कि मीटिंग में आने जाने में किराया ही लग जाता है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों बहनें उपस्थित रहीं। विशेष सहयोग डॉ बी के पटेल प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मोर्चा मप्र का रहा।



# ब्रजमोहन प्यासी ने बढ़ाया गौरव, मास्टर एथलीट में जीता गोल्ड व सिल्वर मेडल



**कटनी, यशभारत।** आठवीं अन्तर जिला मास्टर एथलेटिक्स मीट 2022 का आयोजन विगत रविवार को सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में किया गया, जिसमे कई जिलों के एथलीटों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में साधूराम हायर सेकेंडरी स्कूल के पीटी कोच एवं मास्टर एथलीट ब्रजमोहन प्यासी ने भी भाग लेकर कटनी जिले का नाम रोशन किया। जानकारी के मुताबिक 56 वर्षीय ब्रजमोहन प्यासी ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान एवं 5000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के समापन समारोह में ब्रजमोहन प्यासी को गोल्ड, सिल्वर मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने श्री प्यासी को मेडल पहनाकर स्वागत किया एवं बधाई दी।



# नर्मदा नहर का पानी लाने घर-घर हस्ताक्षर अभियान

**कटनी, यशभारत।** आज ग्राम बंधी स्टेशन में मतवारा रोड कटनी नदी व धरवारा जलाशय में नर्मदा नहर का पानी गिरवाने हेतु हस्ताक्षर अभियान द्वितीय अभियान चलाया गया, जिसमें ग्राम के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान में सर्वप्रथम एक सभा रखी गई, जिसमें लोगों को अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सभा को प्रदीप त्रिपाठी, जगदेव पटेल, रामानुज पांडे, विद्याबाई पटेल, माधुरी जैन, दीपक तिवारी, अभिषेक दुबे, आदित्य दुबे ने सम्बोधित किया, इसके बाद ग्राम में घूमकर लोगों से हस्ताक्षर लिये। इस दौरान राकेश साहू, अनुराग मिश्रा, रणजीत यादव, अजय विश्वकर्मा, तकोरी पटेल, श्री बिल्हा, मदन सिंह, धीरज यादव, बलराम सिंह, लालू खान, जितेंद्र सिंह, बब्बू तिवारी, साहिल खान, शेख मुवीन, कोमल, पवनदीप साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। उत्साह पूर्वक हस्ताक्षर अभियान को घर घर जाकर करवाया गया, जिसको मुख्यमंत्री, कलेक्टर के माध्यम से दिया जाएगा। इसी सत्र में मांग पूर्ण न होने आंदोलन की चर्चा भी की गई।

### अशासकीय महाविद्यालय संघ ने जताया शोक

**कटनी, यशभारत।** कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जय चड्डा की मातुश्री श्रीमती चंद्रकांता चड्डा के विगत दिनों आकस्मिक निधन पर अशासकीय महाविद्यालय संघ के हीरागंज स्थित कार्यालय में संघ के अध्यक्ष पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. कैलाश शर्मा, सायना कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, राजीव गांधी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र राजपूत, कटनी डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. पारस जैन, डॉ उषा पांडेय, डॉ मनोज खरे, सुनील उपाध्याय, केदार बिचपुरिया, संध्या खरे, दीपक माथुर, स्वप्निल जैन, नदीम खान, संजय शर्मा, सतीश तिवारी, डॉ ज्योति राजपूत, जैनेन्द्र द्विवेदी, कल्पना चौरसिया आदि की उपस्थिति रही।



# दद्दाजी एवं गुरुमाता की समाधि स्थल में महाआरती



### कलेक्टर ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से पूछा कुशलक्षेम

**कटनी, यशभारत।** पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी एवं पूज्य गुरु माता कुंती देवी जिज्जी की समाधि स्थल दद्दा धाम में एकादशी के अवसर पर महाआरती कलेक्टर अवि प्रसाद की उपस्थिति में हुई। सर्वप्रथम आचार्य पंडित ओम प्रकाश त्रिपाठी, पंडित बालमुकुंद त्रिपाठी ने पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चारण के साथ महाआरती दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ की। श्री प्रसाद सहित गुरुभाइयों, माताओं बहनों ने बारी-बारी से आरती की। इस अवसर पर गुरुभाइयों, माताओं बहनों की उपस्थिति रही। नवनियुक्त कलेक्टर अवि प्रसाद का श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम पहुंचने पर समस्त गुरुभाइयों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने पूज्य गुरुदेव दद्दा जी की प्रेरणा से निर्मित शिष्य मंडल द्वारा संचालित श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम का भ्रमण किया। उन्होंने सभी वृद्धजनों की कुशलक्षेम पूछकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भारत जोड़ो यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

## कांग्रेस नेता घर-घर जाकर लोगों को बताएंगे सरकार की विफलताएं, मप्र के सह प्रभारी और राष्ट्रीय सचिव ने ली बैठक



**कटनी, यशभारत।** देश भर में भारत जोड़ो के माध्यम से कांग्रेस ने एक नई ऊर्जा और शक्ति के साथ नई शुरुआत की है। इसी तारतम्य में कांग्रेस द्वारा घर-घर जाकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का आरंभ 26 जनवरी से प्रदेश में किया जा रहा है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान से कांग्रेसजनों को अवगत कराने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण द्वारा मप्र के सह प्रभारी और राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर के मुख्य आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की उपस्थिति में समस्त कांग्रेसजनों द्वारा स्वागत किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि संजय कपूर ने कांग्रेसजनों को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के विषय में अवगत कराने हुए बताया कि जिस प्रकार से देश भर में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार के खिलाफ राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं और जनता की आशाओं के लिए कांग्रेस एक मजबूत विकल्प बनकर उभर रही है, उसी प्रकार अभियान के माध्यम से बूथ स्तर पर प्रत्येक घर में जाकर भाजपा की विफलताओं से अवगत कराना है और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान करना है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन और ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुमान सिंह ने अवगत कराया कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास मिलकर किया जाएगा। श्री कपूर ने कहा की जिस प्रकार जिले में कांग्रेस द्वारा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा घर चलो घर-घर चलो अभियान को सफलता पूर्वक संपादित किया गयाए उसी प्रकार हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को भी हम सभी को एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाना है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग प्रदेश महामंत्री पवन पटेल, प्रियदर्शन गौर, पद्मा शुक्ला, करण सिंह चौहान, विक्रम खंपरिया, डॉ के एल जैन, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, प्रदीप त्रिपाठी, अंशु मिश्रा, रजनी वर्मा, माधुरी जैन, रमेश सोनी, इश्तयाक अहमद, राकेश द्विवेदी, शरद द्विवेदी, नरेंद्र सैनी, शिवकुमार यादव, विवेक पाण्डेय, मनोज गुप्ता, नन्ही बाई गोटिया, दानिश अहमद, राजकिशोर यादव, राजेश जाटव, विजय मंगल चौधरी, आदित्य जैन, शेखर भारद्वाज, शोभा मंगलानी, माया चौधरी, रुकमणी पाण्डेय, सुमन रजक, तुलाराम गौंटिया, हिमांशु तिवारी, पार्थ समाधिया, अजय जैसवानी, अरुण निषाद, जितेंद्र गुप्ता, नारायण निषाद, गगन तिवारी, राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

सस्ती सुंदर
125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)




Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ
CINEMA KATNI

Mittal MALL

Paytm

book my show

From 16th December 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# मप्र के शहरों को संवारने का शिवराज का प्लान

## 14 शहरों में रोप-वे बनेंगे, 5 साल में कचरा और गड्ढा मुक्त होंगे

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश के शहरों को संवारने के लिए ष्टरूशिवराज सिंह चौहान का बड़ा प्लान है। प्रदेश के 14 शहरों में रोप-वे बनेंगे। उज्जैन में 209 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यहां रोजाना एवरेज 32 हजार श्रद्धालु रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक रोप-वे के माध्यम से आ-जा सकेंगे। यही प्लान दूसरे शहरों में भी लागू होगा। अगले 5 साल में छोटे-बड़े सभी शहर कचरा और गड्ढा मुक्त होंगे।भोपाल में सोमवार को हुए सम्मेलन में नगरीय निकायों के महापौर, अध्यक्ष और पार्षदों को सीएम शिवराज ने ट्रेनिंग दी। करीब एक घंटे तक उन्होंने पार्षदों को कई मूलमंत्र दिए। इसके साथ ही उन्होंने मंच से कई घोषणाएं भी कीं। एक्सपर्ट्स इसे विधानसभा चुनाव से पहले मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं।



### गुंडों से जब्त जमीन गरीबों को मिलेगी

शिवराज ने बड़ा फैसला गुंडों से जब्त जमीन को गरीबों को देने का है। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में माफिया पर कार्रवाई की है। गुंडे, दादा, दबंग-बदमाश बड़ी जमीनों पर कब्जा कर लेते हैं। ऐसे लोगों को कुचला जा रहा है। उनसे 21 हजार एकड़ जमीन मुक्त कराई गई है। उसमें से जो शहर में है, वहां गरीबों को मकान बनाने के लिए देंगे। भोपाल में शुरुआत भी कर दी है। 40 एकड़ जमीन पर गरीबों के लिए मकान बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुंडों या अवैध कब्जा करने वालों से जब्त जमीन को गरीबों को देने की घोषणा की है। इस जमीन पर मकान बनाए जाएंगे। भोपाल के नीलबड़ से इसकी शुरुआत भी कर दी गई है।

### शहरी गरीबों को जमीन का पट्टा मिलेगा

प्रदेश में 31 दिसंबर 2020 तक जो गरीब जहां रह रहे थे, उन्हें वहां का पट्टा दिया जाएगा। सीएम ने यह भी घोषणा की कि कई बार ऐसे नियम बना दिए जाते हैं कि गरीबों को मिल ही नहीं पाए। जिन्हें देंगे, उन्हें किसी नियम प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। फ्री में जमीन मिलेगी। शहर के बाद गांवों में भी ऐसा करेंगे।

### पानी और सीवेज सिस्टम पर 12 हजार करोड़

प्रदेश में अमृत योजना में 12 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। पेयजल और सीवरेज सिस्टम बनाएंगे। पानी और सीवेज सिस्टम पर 12 हजार करो ? रुपए खर्च करने का प्लान है।

### सीएम की क्लास

### नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों और विधायक दल की बैठक में माननीयों को दिए टिप्स

**भोपाल यशभारत।** पिछले दिनों सरपंचों को लोकप्रिय राजनेता बनने के गुर सिखाने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को पार्षदों को सफल राजनीति के गुर सिखाए। रोचक अंदाज में सीएम ने बताया कि अच्छा नेता बनने के लिए चार विशेष गुणों वाला एक सूत्र वाक्य- 'पांव में चक्कर, मुंह में शक्कर, सीने में आग और माथे पर बर्फ' याद रखें। इसकी व्याख्या करते हुए सीएम बोले-मैं खुद लगातार 35 साल से सांसद या विधायक का चुनाव जीतता आ रहा हूं। पांव में चक्कर का मतलब है सुबह ही घर से निकल जाओ, लोगों से मिलो-जुलो। मुंह में शक्कर- किसी को क ?वा मत बोलो। सीने में आग- जो करना है पूरी ऊर्जा के साथ उसे करने में लगे रहो। सीने में आग होगी तो दिन-रात काम के बावजूद थकोगे नहीं। माथे पर बर्फ- मतलब है दिमाग को ठंडा रखना। गीता के 18वें अध्याय में 26वां श्लोक 'मुक्तसङ्गोऽनहंवादी धृत्युत्साहसमन्वितः। सिद्ध्योसिद्ध्योर्निर्विकारः कर्ता सात्त्विक उच्यते।।' भागवत गीता के 18वें अध्याय में यह 26वां श्लोक है, जिसमें सत्वगुणी व्यक्ति की विशेषताएं बताई गई हैं।

# टाइगर स्टेट एमपी में 2022 में 33 बाघ की मौत

## फिर भी अधिकारियों की उदासीनता नहीं हो रही खत्म

**भोपाल , यशभारत।** देश के टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश में वर्ष 2022 में 33 बाघ की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद वन विभाग के अधिकारियों की उदासीनता खत्म नहीं हो रही है। फांसी लगाकर शिकार मामले के साथ ही एक साल पहले पन्ना टाइगर रिजर्व के बाघ हीरा का शिकार मामला फिर उठ गया है। इस मामले में शिकायत पर केंद्र सरकार के मध्य प्रदेश वन विभाग को अर्जेंट दोबारा जांच करने के लिए लिखा। इसके बावजूद मध्य प्रदेश वन विभाग ने सात दिन तक लेटर दबा कर रखा। फिर पन्ना सीसीएफ से जांच प्रतिवेदन मांगा हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) भारत सरकार को वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने शिकायत की थी। इसमें पन्ना में बाघ का फांसी लगाकर शिकार मामले के साथ ही सतना में ही पन्ना



टाइगर रिजर्व के 2021 में बाघ हीरा के शिकार की जांच का चुनौती देते हुए दोबारा जांच कराने की मांग की थी। इस पर एनटीसीए ने 7 दिसंबर को मध्य प्रदेश वन विभाग से अर्जेंट बेसिस पर जांच प्रतिवेदन देने को लिखा। साथ ही लेटर को ईमेल कर दिया। इस पत्र पर 13 दिसंबर को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण वन्य प्राणी मध्य प्रदेश ने मुख्य वन संरक्षक को लेकर जांच प्रतिवेदन मांगा। अर्जेंट बेसिस पर कार्रवाई करने के केंद्र सरकार के पत्र को एक सप्ताह तक दबाने पर ही वन विभाग के अधिकारियों की उदासीन रवैए पर सवाल उठ रहे हैं।

बता दें पन्ना में 6 दिसंबर को फांसी लगाकर बाघ का शिकार करने का मामला सामने आया था। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने आपात बैठक बुलाकर अधिकारियों से जानकारी मांगी थी। टाइगर स्टेट में बाघ के शिकार से प्रदेश हड़कंप मंच गया था। इससे पहले 2021 में पन्ना टाइगर रिजर्व के ही बाघ हीरा का शिकार कर लिया गया था। सैटलाइट कालर वीएचएफ आईडीपी 234-31 पहने टाइगर का सतना में शिकार किया गया था। उसका शिकारियों ने कॉलर आईडी निकाल कर फेंक दिया था। अब इसकी जांच नए सिरे से करने की मांग उठ रही है।

### भोपाल में 1 लीटर पर 35 एमएल कम दे रहे थे पेट्रोल, नोजल सील कर केस दर्ज

**भोपाल ईएमएस।** राजधानी भोपाल में बंगरसिया पर मातेश्वरी पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं के साथ ठगी की जा रही थी। 1 लीटर यानी 1 हजार मिलीलीटर पेट्रोल पर 35 मिलीलीटर पेट्रोल कम दिया जा रहा था। नापतौल विभाग की टीम ने पेट्रोल पंप के औचक निरीक्षण में चोरी पकड़ी गई। टीम ने नापतौल विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 के प्रावधानों के तहत अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर नोजल सील कर दिया। अब अधिकारी आगे की कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं। नापतौल विभाग के नियंत्रक कैलाश बुंदेला ने बताया कि सोमवार को बंगरसिया के मातेश्वरी पेट्रोल पंप पर जिला आपूर्ति अधिकारी एवं नापतौल विभाग के संयुक्त दल ने औचक निरीक्षण किया। यहां पर पेट्रोल पंप के डिस्पेंसिंग पंप की एक नोजल द्वारा पेट्रोल कम प्रदाय किया जाना पाया गया। टीम के पेट्रोल की नाप करने पर एक लीटर में 35 एमएल पेट्रोल कम पाया गया। वहीं, यहां पर माप भी सत्यापित नहीं पाया गया।

### अलग-अलग नियम

### एनईपी, यूजी प्रोग्राम बीच में छोड़ा तो करना होगा स्किल बेस्ड कोर्स; लेकिन यह नियम मध्यप्रदेश में नहीं

**भोपाल, ईएमएस।** मध्यप्रदेश में अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) प्रोग्राम के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू है। हालांकि इसके कॅरिकुलम-क्रेडिट फ्रेमवर्क और यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) द्वारा जारी फ्रेमवर्क में मल्टीपल एंट्री और एग्जिट सिस्टम के नियम अलग-अलग हो गए हैं। मप्र में एनपीई के तहत लागू अध्यादेश के अनुसार विद्यार्थी 40 क्रेडिट के साथ फर्स्ट ईयर पूरी कर लेता है तो उसे यूजी सर्टिफिकेट अवॉर्ड कर दिया जाएगा। वहीं 80 क्रेडिट प्राप्त कर सेकंड ईयर पूरी कर लेता है तो उसे यूजी डिप्लोमा अवॉर्ड किया जाएगा। यूजी डिग्री एग्जिट करने के लिए उसे अतिरिक्त कोर्स करने की जरूरत नहीं हैं। लेकिन यूजीसी ने अपने कुरिकुलम-फ्रेमवर्क में कुछ विशेष प्रावधान किए हैं। एग्जिट करने पर उसे 4 से 6 क्रेडिट का वोकेशन कोर्स या स्किल्ड बेस्ड कोर्स करने होंगे। तभी उसे सर्टिफिकेट या डिप्लोमा मिल सकेगा।



यूजीसी ने यूजी डिग्री प्रोग्राम विथ सिंगल मेजर और डबल मेजर का कांस्पेट किया है। यानी विद्यार्थी चाहे तो दो विषयों के साथ मेजर डिग्री भी कर सकता है। यह सुविधा मप्र उच्च शिक्ष विभाग ने नहीं दी गई है। यूजीसी के अनुसार जो छात्र फर्स्ट ईयर के पूरा होने के बाद बाहर निकलने का विकल्प चुनते हैं और 40 क्रेडिट प्राप्त कर चुके हैं तो उन्हें यूजी सर्टिफिकेट अवॉर्ड किया जाएगा। इसके लिए उन्हें पहले वर्ष की गर्मी की छुट्टी के दौरान 4 क्रेडिट का एक वोकेशनल कोर्स पूरा करना होगा। या फिर 6 क्रेडिट का स्किल्ड बेस्ड कोर्स या अप्रेंटिसशिप करना होगा। इन छात्रों को 3 साल में डिग्री प्रोग्राम में फिर से प्रवेश करने की अनुमति रहेगी। डिग्री प्रोग्राम पूरा करने के लिए 7 साल का समय मिलेगा।

### बेटे के सामने पिता को तेज रफ्तार बस ने मारी टक्कर, मौत

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के कोहेफिजा थाना इलाके में एक शख्स को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। घटना के समय वह शख्स पैदल सड़क पार कर रहा था। घायल शख्स को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 63 वर्षीय शकील मोहम्मद मुल्तानी के रूप में हुई है। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम सिमरोल तहसील महू जिला इंदौर के रहने वाले शकील मोहम्मद मुल्तानी किसान थे। वह अपने बेटे फिरोज खान के साथ रविवार को भोपाल के लालघाटी स्थित सुंदर वन डायमंड शादी हाल में रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आए थे। उनका बेटा फिरोज सेना में हवलदार है ।

### लंबे समय से जारी है फिल्मों के जरिए बड़े वर्ग की भावनाएं आहत करने का काम - मनोज मुंतशिर

**भोपाल यशभारत।** लेखक और गीतकार मनोज मुंतशिर का कहना है कि फिल्मों के माध्यम से देवी-देवताओं का मजाक उड़ाने और एक बड़े वर्ग की भावनाओं को आहत करने का काम लंबे समय से किया जा रहा है। पहले अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं को लेकर जागरूकता का अभाव था, इसके कारण मुखर विरोध नहीं हुआ। अब देश बदल रहा है। नवजागरण आया है, जिसके कारण ऐसे दुष्प्रयासों का विरोध किया जा रहा है, जो सही भी है। फिल्म बनाते समय सावधानी बरतना निर्माता की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने खुद के ब्राह्मणवादी होने के आरोप को भी सिरे से नाकारा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय एवं सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वारा रवींद्र भवन में आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा का वैश्विक योगदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी




में हिस्सा लेने भोपाल आए मशहूर गीतकार ने एक होटल में मीडिया से चर्चा में यह बात कही। हालिया रिलीज फिल्म च्पठानज् को लेकर उनका कहना था कि विरोध तो होना ही था। फिल्म निर्माताओं को ऐसा नहीं करना चाहिए। दीपिका पादुकोण के वस्त्र में भगवा रंग को उभारे बिना भी काम हो सकता था। इससे फिल्म में कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इसको हटाया भी जा सकता था। फिल्म इंडस्ट्री में बड़े-बड़े कास्ट्यूम डिजाइनर हैं, जो कुछ दूसरा कास्ट्यूम भी डिजाइन कर सकते थे। उन्होंने कहा कि हमें राधा-कृष्ण के प्रेम सेलिब्रेट करना चाहिए।

### आर-पार की लड़ाई की तैयारी

### कल से 1.50 लाख स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर, कई मांग 24 साल तक पुरानी, 700 आवेदन दिए, लेकिन मिले सिर्फ आश्वासन

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी समेत प्रदेश के करीब डेढ़ लाख स्वास्थ्यकर्मी बुधवार से काम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे। इससे पहले मंगलवार को प्रदेश के तमाम जिलों से हजारों स्वास्थ्यकर्मी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने आएंगे और उनको गुलाब देकर अपनी मांगों से अवगत कराएंगे। हालांकि यह पहली बार नहीं है कि स्वास्थ्यकर्मी जिम्मेदारों को अपनी मांगों के बारे में बताएंगे, कई मांगें तो 24 साल और उससे भी अधिक पुरानी हैं। इस दौरान




कर्मचारियों ने तमाम जिम्मेदारों यानि अलग-अलग विभागों के अलग-अलग अधिकारियों को अलग-अलग सालों में 700 से ज्यादा आवेदन दिए हैं। लेकिन, जिम्मेदारों ने हर बार सिर्फ आश्वासन ही दिए। यही वजह है कि अब स्वास्थ्यकर्मी काम बंद ह ?ताल करने जा रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर प्रदेश के तमाम जिलों से स्वास्थ्यकर्मी राजधानी में जुटना शुरू हो गए हैं। महासंघ की ओर से इनके लिए शहर में व्यवस्थाएं जुटाई गई हैं। मंगलवार सुबह तक सभी जिलों से स्वास्थ्यकर्मी यहां पहुंच जाएंगे। जो जेपी अस्पताल में एकजुट होंगे और यहां से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने जाएंगे। स्वास्थ्यकर्मी अपनी मांगों को मनवाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं।

## मप्र में फिर मावठा की बारिश का पूर्वानुमान

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में 21 दिसंबर के बाद मौसम फिर बदल सकता है। कुछ जगह बूंदाबांदी से हल्की बारिश हो सकती है। बादल छाने से तापमान में मामूली बढ़त आएगी, लेकिन ज्यादा उतार-चढ़ा नहीं होगा। दिसंबर के आखिर तक कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू हो जाएगी।

ग्वालियर, महाकौशल, बुंदेलखंड और बघेलखंड में रातें कंपाने वाली हो गई हैं। यहां रात का पारा 9 डिग्री से लेकर 5 डिग्री तक पहुंच गया है। भोपाल में भी रात का पारा सामान्य से 10 डिग्री पर आ गया है। मौसम विभाग की मानें तो ठंड अब सेट हो गई है यानी तापमान में ज्यादा अंतर नहीं आने वाला है। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि 21 दिसंबर से एक बार फिर हल्के बादल आ सकते हैं। इससे रात का तापमान बढ़ सकता है। 25 दिसंबर तक तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

## दिसंबर के अंत में इंदौर, ग्वालियर, चंबल में ज्यादा ठंड रहेगी



### दो दिन बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट

मध्यप्रदेश में आज से दो दिन तक न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होगी। भोपाल में यह 10 डिग्री और इंदौर में 12 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है। ग्वालियर, जबलपुर, सागर और इसके आसपास के इलाकों में तापमान 9 डिग्री या इससे नीचे रह सकता है। इंदौर, उज्जैन और इसके आसपास न्यूनतम तापमान 14 डिग्री या इससे ज्यादा रह सकता है। 5 दिन पहले बादलों के कारण दिन की अपेक्षा रात का तापमान बढ़ गया था। भोपाल और इसके आसपास रात में यह 17 डिग्री सेल्सियस, जबकि ग्वालियर, चंबल, बुंदेलखंड और बघेलखंड में यह 12 से 14 डिग्री सेल्सियस चल रहा था। बादल छंटते ही शुक्रवार से मौसम में बदलाव नजर आने लगा। दिन का पारा 1 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा चढ़ गया, तो रात का पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। भोपाल में दिन का तापमान 26 और रात का 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। सुबह-शाम धुंध रहती है। नजारा ब ? तालाब में स्पोर्ट्स एक्टिविटी का।

### यहां रात का पारा नीचे आने से कोल्ड वेव

मध्यप्रदेश में दिसंबर के अंत तक अच्छी ठंड की एंट्री का अंदाजा है। मौसम विभाग ने बताया कि शहडोल, रीवा, इंदौर, ग्वालियर और चंबल संभागों में इस बार न्यूनतम तापमान अपेक्षाकृत ज्यादा ठंडे रहने वाले हैं। रात का तापमान यहां औसतन 1 से 2 डिग्री कम रहेगा। रात का तापमान ज्यादा गिरने से यहां पर कोल्ड वेव रहेगी। यानी रात और दिन में यहां शीतलहर का असर रहेगा।

### रात का पारा इंदौर में 8 डिग्री ज्यादा

प्रदेश भर में तापमान में गिरावट के बाद भी दो दिन पहले तक रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था। सबसे ज्यादा इंदौर में यह सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अभी इंदौर, खंडवा और खरगोन में यह 15 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। बैतूल, भोपाल, धार, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, छिंदवा ?ा और मंडला में यह 3 डिग्री सेल्सियस से लेकर 8 डिग्री तक सामान्य से अधिक था। अभी भोपाल, दतिया, ग्वालियर, जबलपुर, खजुराहो, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, और उमरिया में यह सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया है। नौगांव में सबसे कम 6 डिग्री पर न्यूनतम तापमान आ गया है। पचमढ़ी, ग्वालियर, दतिया, खजुराहो और उमरिया में यह 6 से 8 डिग्री के बीच आ गया है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे आ चुका है। उज्जैन, रतलाम, धार, गुना, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, सागर और सिवनी में तापमान 10 डिग्री से 15 डिग्री के बीच है। खजुराहो और दतिया में कोहरा नजर आने लगा है। कोहरे के कारण यहां पर दृश्यता सबसे कम 1 किलोमीटर तक रह गई है।

## स्कूल की हुई मरम्मत और रंगाई-पुताई

# करोपानी को मिली नए आंगनबाड़ी भवन की सौगात



### घरों में पहुंच रहा टोंटी वाले नल से झर-झर पानी

**कटनी,यशभारत।** ढीमरखेड़ा तहसील के वन ग्राम कारोपानी के ग्रामीणों के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बीते माह 25 नवंबर को किया गया भ्रमण, यहां के निवासियों के लिए खुशियों का सबब बन गया। कलेक्टर के दौरे के बाद से गांव और गांव वालों की वर्षो पुरानी कई मांग अब पूरी हो रही है। बीते माह कलेक्टर के कारोपानी भ्रमण के बाद से जिला प्रशासन द्वारा गांव की कई बुनियादी जरूरतों की पूर्ति हेतु सार्थक प्रयास किए गए। उनमें से एक आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत कराने की भी मांग ग्रामीणों द्वारा की गई थी। तब कलेक्टर श्री प्रसाद ने ग्रामीणों से कहा था कि शीघ्र ही आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत और रंगाई-पुताई का कार्य कराया जाएगा। लेकिन अब कलेक्टर श्री प्रसाद ने कारोपानी वासियों को बड़ी सौगात देते हुए यहां के लिए नए आंगनवाड़ी भवन निर्माण की ही स्वीकृति प्रदान कर दी है। यहां आंगनवाड़ी भवन 11 लाख 22 हजार रुपए की लागत से बनेगा। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के मद से 6 लाख 22 हजार और 5 लाख रुपए मनरेगा की राशि शामिल है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद यहां के स्कूल भवन की भी मरम्मत कर रंगाई-पुताई का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर के भ्रमण के बाद यहां जल जीवन मिशन के तहत 31 घरों में टोंटी वाले नल से झर-झर पानी भी पहुंचने लगा है। नल से पानी आने के बाद वन ग्राम निवासी प्रकाश सिंह, सेमू, निरंजन, चंद्रशेखर और शिवकुमार ने घर तक पानी पहुंचने पर खुशी का इजहार करते हुए कहा था कि सोचा नहीं था, कि समस्या हल होगी, लेकिन कलेक्टर साहब का दौरा गांव वालों के लिए बड़ी सौगात दे गया।



# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**कटनी,यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा के मार्गदर्शन, डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर ऊर्जा साक्षरता अभियान से विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अरविंद सिंह ने विद्यार्थियो को बताया कि ऊर्जा संरक्षण में हमारा प्रयास तभी सार्थक होगा जब देश के सभी नागरिक इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देगें,।अतः एक जागरूक नागरिक होने के नाते प्रतिदिन के जीवन में छोटे-छोटे कार्यो जैसे अनावश्यक चल रहे बिजली के बल्ब, पंखे, ए.सी. एवं बिजली के अन्य उपकरणों को बंद करके हम ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान देकर ऊर्जा संरक्षण के जागरूकता आंदोलन को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते है। डॉ. एस. एस. धुर्वे ने कहा कि हम प्रतिदिन के जीवन में विभिन रूपों में ऊर्जा का उपयोग करते है अतः भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका संरक्षण आवश्यक है। साथ ही विद्यार्थियो से ऊर्जा के प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।डॉ के के विश्वकर्मा ने बताया कि हमें ऊर्जा का अनावश्यक उपयोग नही करना चाहिए एवं कम से कम ऊर्जा का उपयोग करते हुए कार्य को संपन्न करना चाहिए। अंत में प्राचार्य डॉ आर के वर्मा द्वारा बताया गया कि हमें छोटी दूरियों के लिए पैदल चलना, निजी वाहन की जगह सार्वजनिक वाहन का उपयोग तथा इसी प्रकार के अन्य कार्यो के माध्यम से ऊर्जा का दुर्योपयोग एवं अनावश्यक प्रयोग रोकना भी ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत ही आता है। साथ ही ऊर्जा संरक्षण दिवस का महत्व एवं इसे मनाने के कारणों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि वर्ष 2001 में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफएनर्जी एफिशिएंसी द्वारा ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 को लागू किया गया।इसी अधिनियम के पश्चात ही प्रतिवर्ष ऊर्जा संरक्षण हेतु 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन किया जाता है।



# सफाई के साथ कराएं तालाब का सौंदर्यीकरण

**कटनी,यशभारत।** बिलहरी ग्राम पहुंचनें पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने बस्ती स्थित लक्ष्मण सागर तालाब में एम.पी.टूरिज्म विभाग द्वारा कराये जा रहे सौदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने तालाब के घाट और सीढ़ियों के कराये जा रहे सौदर्यीकरण कार्य की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि तालाब की सफाई कराये बिना सौदर्यीकरण कार्य कराये जानें पर नागरिकों को इसका उचित लाभ नहीं मिल सकेगा। तालाब की सफाई कराने के साथ ही सौदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। ग्रामवासियों द्वारा तालाब के बीचों बीच मंदिर होनें तथा जलकुंभी के कारण इसके ढक जानें की जानकारी प्रदाय करने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि तालाब मे फैली जलकुंभी की सफाई हेतु मशीनों की व्यवस्था प्रशासन द्वारा करा दी जावेगी। कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामवसियों को तालाब की सफाई कार्य मे श्रमदान की अपील की जिस पर ग्रमीणों ने सहमति प्रदान की।

## पटरी पर लौटी भगनवारा शाला की शिक्षा व्यवस्था



**कटनी,यशभारत।** कार्यालय कलेक्ट्रेट में अतिथि शिक्षक के भरोसे चल रही माध्यमिक शाला भगनवारा की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को निर्देशित किया गया। जिसके संबंध में- शासकीय माध्यमिक शाला भगनवारा विकासखण्ड बडवारा में दो शिक्षक कार्यरत थे जिसमे एक शिक्षक सेवा निवृत्त हो गया है एवं एक शिक्षक जन शिक्षक के पद पर प्रतिनियुक्ति से पदस्थ है। अतः शिक्षक न होने के कारण अतिथि शिक्षक की व्यवस्था कर अध्यापन कार्य कराया जा रहा है,शिक्षक की भर्ती प्रक्रिया राज्य स्तर से की जाती है। वर्तमान में दर्ज छात्र संख्या के आधार पर शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. बड़वारा से शिक्षक की व्यवस्था की गई है।



# कलेक्टर ने कृष्णा वेयर हाउस सहित उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बिलहरी स्थित कृष्णा वेयर हाउस एवं धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से कहा कि जिस दिन स्लॉट की बुकिंग करें उसी दिन धान उपार्जन केन्द्र मे लांए इससे केन्द्र में अनावश्यक भीड़ नहीं होगी। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा किसानों से धान उपार्जन केन्द्र की समस्याओं के बारे में पूछे जानें पर किसानों द्वारा यहां की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया साथ ही किसी भी तरह की समस्या न होने की बात कही। कलेक्टर द्वारा उपार्जन केन्द्र में तुलाई आदि के दौरान किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क लिये जाने की बात पूछने पर किसानों द्वारा कहा गया कि यहां किसी भी प्रकार का कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगता है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा केन्द्र में लाई गई धान की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। उन्होने कहा कि वेयर हाउस की उपलब्धता होने से किसानों को अपनी धान सुरक्षित रखनें की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

# भारतीय भाषा संगोष्ठी: हिन्दी मेरा देश है, भोजपुरी मेरा घर




**कटनी,यशभारत।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के हिन्दी विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के खरे, की अध्यक्षता में, भारतीय भाषा दिवस के अवसर पर भारतीष भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती एंव तमिल कवि चिन्ना स्वामी सुब्रमण्यम भारती जी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के साथ हुआ। कु. निषा यादव एंव साथियों ने सरस्वती बन्दना प्रस्तुत किया। विषय प्रवर्तन के रुप में अपने विचारों को रखते हुए डॉ. माधुरी गर्ग विभागाध्यक्ष हिन्दी ने कहा कि यह कार्यक्रम भाषाई सद्भाव और भारतीय भाषा के महत्व को स्थापित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित है। राष्ट्रवादी कवि सुब्रमण्यम भारती का जन्मदिन 11 दिसम्बर इसी परिप्रेक्ष्य में मनाया जाना सुनिष्चित हुआ है। डॉ. माधुरी गर्ग सुब्रमण्यम भारती के जीवन, व्यक्तित्व, कृतित्व भारतीय भाषाओं पर प्रकाश डाला, और कहा कि-'भगवान भारत वर्ष में गूँजे हमारी भारती'। अर्थात् भारतीय भाषाएँ संपूर्ण विष्व में स्थान प्राप्त करें। डॉ. विजय कुमार ने भारतीयता भाषा एंव राष्ट्र के संदर्भ में अपने विचार रखे। उन्होंने केदरनाथ सिंह की कविता हिन्दी मेरा देश है, भोजपुरी मेरा घर के आधार पर भारतीय भाषा और बोली पर प्रकाश डाला। डॉ. सरदार दिवाकर ने संस्कृत भाषा की महत्ता को बताया और महर्षि वाल्मीकि के रचनात्मक अवदान पर अपनी बात रखी। तथा हिन्दी एंव संस्कृत भाषा के आधार पर भाषाई विकास के स्वरुप पर विचार व्यक्त किया। डॉ. नाहिद सिद्दीकी ने उर्दू भाषा में लिखे गए नजमों और तरानों को व्यक्त किया। श्रीमती उर्मिला दुबे ने मराठी कविता का पाठन किया। सचिन लोधी ने संस्कृत ष्लोकों का सस्वर पाठ किया। निधि बी. ए. द्वितीय वर्ष ने भी रामचन्द्र जी की कविता का पाठ किया। इस कार्यक्रम में डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ. हेमलता गर्ग, प्रो. श्रीमती लक्ष्मी नायक, डॉ. नाहिद सिद्दीकी, डॉ. सरदार दिवाकर, डॉ. धीरज कुमार, श्री सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ. धीरज खरे, अतुल कुमार, डॉ. विजय कुमार की उपस्थिति रही एंव इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी एंव आभार प्रदर्शन अतुल कुमार द्वारा किय गया।

# बिलहरी शाला पहुंचकर छात्रों से किया संवाद



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलहरी पहुंचकर शाला भवन का निरीक्षण किया गया तथा शाला में अध्यनरत कक्षा 10,11 एवं 12 के छात्र-छात्राओं से कक्षा में पहुंचकर सीधा संवाद किया और छात्रों से ही शाला की व्यवस्थाओं के संबध मे जानकारी पूछी। छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान कलेक्टर ने कहा कि बतायें आप लोगों को स्कूल के लिए क्या चाहिए जिस पर छात्रा प्रिया चौरसिया द्वारा शाला में कक्षा 12वी की गणित की पुस्तक न होनें तथा छात्र अजय चौरसिया द्वारा लैब की मांग की। जिस पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा दोनों ही मांगों को शीध्र पूर्ण करानें का आश्वासन दिया गया। इसके पूर्व कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शा.वरि.बुनि.मा. शाला बिलहरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाला प्रबंधन के शिक्षकों द्वारा स्कूल मरम्मत कराये जानें की मांग की गई।

## कंधीलाल ने बताया परंपरागत चारागाह विकास का तरीका

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने बुधवार को रीठी विकासखंड के ग्रामों के भ्रमण के दौरान भरतला जलाशय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से जलाशय में पानी की आवक, वेस्टवियर और पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर श्री प्रसाद को जलाशय की मेढ़ पर बनी सीढ़ी में मुहास निवासी कंधी लाल पटेल बैठे दिखे, बस फिर क्या था कलेक्टर सीधे कंधी लाल के पास जाकर स्वयं सीढ़ी में बैठ गए और बातों का सिलसिला शुरू हुआ। कलेक्टर ने पूछा यहां कैसे बैठे हैं, तो कंधी लाल ने बताया कि वे पशुओं को चराने और पानी पिलाने यहां लाए हैं। इस पर कलेक्टर ने कहा कि पशुओं को चराने के लिए चारागाह नहीं है, तो कंधी लाल ने नहीं के साथ अपना सिर हिलाया, बस यही से बात को आगे बढ़ाते हुए कंधी लाल ने कलेक्टर को पुराने जमाने में परंपरागत चारागाह मैदानों के विकास और पूरे स्वरूप की जानकारी बता डाली। कलेक्टर ने कंधी लाल की सोच और विचार की सराहना करते हुए कहा कि यदि गांव मे 10-15 लोग ठान लें तो आपके बताये तरीके का परंपरागत चारागाह फिर से विकसित हो सकता है। इस पर कंधीलाल ने हॉ मे सिर हिलाते हुए कहा कि- साहब लोगों को अब इस ओर सोचने की फुरसत ही नही है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि आप शाम को घर जाने के बाद गांव वालों से चर्चा कर 10-15 लोगों को इस कार्य के लिए तैयार करें। कलेक्टर ने कहा कि यदि गांव वाले चारागाह विकास और देखभाल तथा उसमें निरंतर नमी बनाये रखने की व्यवस्था की जिम्मेदारी तो चारागाह विकास हेतु मदद दी जायेगी। श्री प्रसाद ने कहा गांव वालों से बात करने के बाद जो भी निर्णय निकले उसकी जानकारी जनपद पंचायत रीठी के सी.ई.ओ ज्ञानेन्द कुमार मिश्रा को दे देवें। उस पर अमल किया जायेगा

# हिरवारा में शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण



**कटनी,यशभारत।** भाजपा एक भारत श्रेष्ठ भारत नव निर्माण सेना मोदी फॉलोअर्स के प्रदेश अध्यक्ष संजय पटेल, जिला उपाध्यक्ष निमेश कोरी, मोहित शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी शिवांश मिश्रा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत हिरवारा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ दीपांशी मिश्रा, दीपक मिश्रा, आदित्य प्यासी के माध्यम से लगाया गया जिसमे मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जिसमें प्रदेश महामंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा मध्यप्रदेश संतोष राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुरेश सोनी की उपस्तिथि रही, साथ ही साथ भाजपा देवरी हटाई मंडल अध्यक्ष नितिन पांडेय, शेखर चक्रवर्ती, अजय बर्मन ने उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इसके पश्चात कार्यक्रम में सहयोग की भूमिका में उपस्थित में उपस्थित सरपंच हीरामन चक्रवर्ती, समाजसेवी संतोष बर्मन, आशा ढीमर, संतोषी बर्मन, प्रहलाद बर्मन, बबलू चौधरी, सुरेश बर्मन, राजकुमार बर्मन, राम मिश्रा, संगीता ढीमर, सुधा बर्मन, द्वारा सहयोग किया गया।



# सफाईमित्र पूरी सावधानी से करें सूखे और गीले कचरे का उठाव

**कटनी,यशभारत।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नगर की सफाई का काम कर रहे भारवाहक वाहन के चालक और सफाईमित्र सूखे और गीले कचरे का उठाव पूरी सावधानी से करें आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य विभाग उन्हें रोज निर्देश देकर निगरानी रखे। आयुक्त सतेन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में नगर की सफाई व्यवस्था के लिए नियमित प्रशिक्षण के माध्यम से एमएसडब्ल्यू सफाई वाहन चालकों को कचरा संग्रहण के बारे में गीला सूखा एवं हानिकारक कचरे की जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्हें अलग-अलग डस्टबिन में ही कचरा संग्रहण करने की समझाइश दी गई एवं सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरणों पीपीपी किट एवं अन्य सफाई उपकरणों की जानकारी देकर नाले नालियों से निकलने वाले कचरे को सावधानी से तुरंत हटाने को कहा गया है ताकि संक्रमण की संभावना न रहे। नियमित प्रशिक्षण में शामिल एमएसडब्ल्यू प्लांट के इंचार्ज एवं सहयोगी संस्था के टीम लीडर व सुपरवाइजर अन्य कर्मचारी उपस्थित रहते हैं। सफाईमित्रों का दल सीवर व सेप्टिक टैंक एवं मलासुर अभियान की जानकारी नागरिकों को देता है और स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का दायित्व भी निभा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों व एमएसडब्ल्यू टीम के सुपरवाइजर सहित जन जागरूकता गतिविधियों के संचालन हेतु नियुक्त एजेंसी ओम साईं विजन भोपाल के सदस्यों द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न वार्डों में सामूहिक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने आयुक्त सत्येंद्र सिंह ढाकरे के निर्देशन में विभिन्न वार्डों में सामूहिक जनसंपर्क अभियान के माध्यम से नागरिकों से संपर्क कर सोर्स एग्रीगेशन की जानकारी प्रदान की गई तथा घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग.अलग डस्टबिन में रखने एवं निगम के कचरा संग्रहण वाहन में अलग अलग ही देकर नगर को साफएवं स्वच्छ बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। अभियान के दौरान वार्ड क्रमांक 5,6 एवं वार्ड क्रमांक 7 मैं रहवासियों के समक्ष पहुंचकर मलासुर जन जागरूकता अभियान का आयोजन कर सेप्टिक टैंक की समुचित सफाई ना होने के कारण जल के प्रदूषित होने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं सीवर व सेफ्टी टैंक की सुरक्षित सफाई हेतु 14420 की जानकारी दी गई साथ ही नगर को गंदगी मुक्त शहर बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।



# विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने बदला ट्रांसफार्मर

**कटनी,यशभारत।** कार्यालय कलेक्ट्रेट में मातैयन टोला ग्राम देवरी कला में ट्रांसफार्मर लगवाने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं.सं) संभाग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि. कं.लिमि. जिला कटनी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। कार्यपालन अभियंता (सं.सं) संभाग ने बताया कि ग्राम देवरी कला में 1 नग ट्रांसफार्मर के ख़राब होने के संबंध में जाँच उपरांत यह पाया गया कि पूर्व में 12 दिसम्बर को 1 नग 100 के.व्ही.ए. का ट्रांसफार्मर अकुशल हो गया था जिस पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए दिनांक 15 दिसम्बर अकुशल ट्रांसफार्मर को बदलकर निर्बाध विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई है।



# रामपाटन जलाशय की क्षतिग्रस्त नहर का किया सुधार



**कटनी,यशभारत।** कार्यालय कलेक्ट्रेट में नहर फूटी,खेतो में जल भराव की जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेकर जल संसाधन विभाग कटनी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिसके संबंध में-कटनी जिले के बहोरीबंद विकास खण्ड अंतर्गत इस संभाग का निर्मित रामपाटन जलाशय की नहर फूटने से खेतो में पानी भर जाने की शिकायत की गई है जिसके संबंध में लेख है कि कृषको के मांग के अनुसार रबी फसल की बोनी हेतु जलाशय की नहर से पानी छोड़ा गया है। जलाशय की नहरे कच्ची मिट्टी की एवं पुरानी होने के कारण पानी छोड़े जाने पर नहर फूट गई,जिस कारण से कृषको के द्वारा शिकायत की गई है नहर को बंद करवाकर मजदूरों के माध्यम से नहर का मरम्मत कार्य करा लिया गया है। कमांड क्षेत्र के कृषको द्वारा रबी फसल की बोनी हेतु पानी की आवश्यकता प्रगट की गई है, जिसके कारण 2 चूड़ी खोलकर नहर में पानी पुनः सिंचाई हेतु प्रदाय किया जा रहा है। कार्य से कृषक संतुष्ट है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौड़ी में बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएं



**कटनी,यशभारत।** कार्यालय कलेक्ट्रेट में प्राथमिक स्वास्थ्य सिलौडी में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल की पदस्थापना करने की जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कटनी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उक्त संबंध में- कविता पंकज राय सभापति-सहकारिता एवं उद्योग जिला पंचायत सदस्य के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौडी में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल की पद स्थापना करने हेतु लेख किए जाने पर कार्यवाही करते हुए मेडिकल आफीसर डॉ चन्द्रकांता धुर्वे को तीन दिवस के लिए अपनी स्वास्थ्य सेवाये प्राथ.स्वा.केंद्र सिलौडी एवं तीन दिवस के लिए प्राथ.स्वा.केंद्र कछारगाँव में देने के लिए आदेशित किया गया है। पैरामेडिकल स्टाफके लिए पुष्पा काछी स्टाफनर्स एवं अंजली पिल्ले स्टाफ नर्स को प्रसव हेतु आदेशित किया गया है ताकि 24 घंटे प्रसूति महिलाओं को सुविधा मिल सके। इसके साथ ही सरिता काछी टेलीमेडिसन लैब टेक्नीशियन एवं अंकुर राय आउट सोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सफाई कर्मचारी श्रीमति लक्ष्मी डुमार एवं रज्जन डुमार को कार्य हेतु आदेशित किया गया है। पूर्व से संस्था में कार्यरत ए.एन.एम सुषमा पाण्डेय की शिकायत के सम्बंध में जांच कर प्रसव कार्य से पृथक कर फील्ड में ड्यूटी करने के लिए आदेशित कर दिया गया है।

# ..तो क्या जाएगी रोहित शर्मा की टी-20 कप्तानी? BCCI की मीटिंग में द्रविड़ के साथ भी हो सकता है खेल



नई दिल्ली,ईएमएस। टी20 विश्व कप 2022 में नाकामी के बाद से ही टीम इंडिया में उथल पुथल मचा हुआ है। विश्व कप शुरू होने से पहले बीसीसीआई पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली पर गाज गिरी थी। विश्व कप में मिली हार के बाद बीसीसीआई के पूरे चयन समिति को बर्खास्त कर दिया गया। अब एक बार फिर से खबरों का बाजार गर्म है। रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल की मीटिंग में कुछ बड़े बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं। माना जा रहा है कि बोर्ड की यह 21 दिसंबर को होगा और इसमें कुछ कड़े फैसले लिए जाने की संभावना है जिसमे स्प्लिट कप्तानी के साथ-साथ स्प्लिट कोचिंग पर भी विचार किया जा सकता है। ऐसे में अगर यह खबर सच साबित होती है तो रोहित शर्मा की किसी टी20 फॉर्मेट से कप्तानी में उल्टी गिनती आज से ही शुरू हो जाएगी। सिर्फ कप्तानी ही नहीं, बोर्ड कोचिंग में कुछ बड़े फेरबदल करने की तैयारी में दिख रही है। हालांकि यह मीटिंग के बाद ही पता चल पाएगा कि कप्तानी और कोचिंग में किस तरह का बदलाव किया जाएगा।

## क्या है स्प्लिट कप्तानी का फॉर्मूला

दरअसल मौजूदा क्रिकेट में अब टीमें अलग-अलग फॉर्मेट के लिए अलग-अलग कप्तान नियुक्त करना बेहतर समझती है। इसका उदाहरण इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलियाई जैसी टीम है, जो टेस्ट और लिमिटेड ओवरों में अलग-अलग कप्तान को नियुक्त करते हैं। इस स्प्लिट कप्तानी का फायदा भी देखने को मिला है। हाल के सालों में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की सफलता भी इस बात को साबित करती है। इंग्लैंड के लिए लिमिटेड ओवरों में जोस बटलर टीम की कप्तानी करते हैं। वहीं टेस्ट में बेन स्टोक्स के पास यह जिम्मेदारी है। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट में पैट कमिंस को कप्तानी सौंपी थी जबकि लिमिटेड ओवरों में एरोन फिंच कप्तानी करते थे लेकिन उनके संन्यास के बाद कमिंस को ही अभी वनडे में भी कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। ऐसे में बीसीसीआई भी स्प्लिट कप्तानी को अपनाते हुए रोहित शर्मा से टी20 फॉर्मेट की कप्तानी वापस ले सकती है। सिर्फ कप्तानी में ही नहीं, बोर्ड अलग-अलग फॉर्मेट के लिए अलग-अलग कोच भी करने पर विचार कर सकती है। अगर ऐसा हुआ तो रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ की जिम्मेदारियों में काफी कुछ बदलाव आ जाएगा।

## हार्दिक पांड्या टी20 में कप्तानी के प्रबल दावेदार

बीसीसीआई की बैठक के बाद नतीजा चाहे जो भी निकले लेकिन टी20 में कप्तानी के लिए जिस खिलाड़ी का नाम सबसे आगे है वह हार्दिक पांड्या हैं। हार्दिक का हालिया प्रदर्शन टी20 फॉर्मेट उनकी कप्तानी की दावेदारी काफी मजबूत कर दिया है। अपनी फिटनेस पर काम करने के साथ-साथ उन्होंने अपने खेल के स्तर को भी ऊंचा उठाया है। ऐसे में बोर्ड अब चाहेगी कि वह भविष्य के लिए एक युवा ब्रिगेड को तैयार करें जिससे कि टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और भुवनेश्वर कुमार जैसे सीनियर खिलाड़ियों की भरपाई की जा सकी। इसी को ध्यान में रखते हुए संभावना जताई जा रही है कि हार्दिक पांड्या ने टीम इंडिया का अगला टी20 कप्तान बनाया जा सकता है। इसकी संभावना इसलिए भी अधिक बन रही है क्योंकि हार्दिक कप्तानी में अपनी क्षमता को इंडियन प्रीमियर लीग में साबित किया है। उन्होंने अपनी कप्तानी के डेब्यू सीजन में गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाकर सनसनी मचा दी। वहीं अगर हार्दिक को टी20 में कप्तान नियुक्त कर दिया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में रोहित शर्मा वनडे और टेस्ट में कप्तान बने रह सकते हैं।

## श्रीलंका के खिलाफ घरेलू इंटरनेशनल सीरीज की शुरुआत

भारतीय टीम इस समय बांग्लादेश दौरे पर है। भारत का इस साल यह आखिरी इंटरनेशनल सीरीज भी है लेकिन अगले साल 2023 के शुरुआत में ही श्रीलंका के खिलाफ उसे अपने घर में भिड़ना है। भारत और श्रीलंका के बीच तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेला जाएगा।टी20 सीरीज की शुरुआत 3 जनवरी से होगा। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैच 5 और तीसरा मैच 7 जनवरी को खेला जाएगा। इसके अलावा वनडे सीरीज 10 जनवरी से शुरू होगा जबकि दूसरा मैच 12 जनवरी को खेला जाएगा और तीसरा वनडे 15 जनवरी को होगा।



# सचिन तेंदुलकर-एमएस धोनी जैसी मेसी की महानता, कोहली के रोनाल्डो अब चविराट नहीं!

नई दिल्ली, एजेंसी। खेल के मैदान में अक्सर संपूर्णता की तलाश होती रहती है लेकिन विरले ही ऐसे होते हैं जो इसे तमाम मुश्किलों के बावजूद किसी तरह से स्पर्श करने में कामयाब होते हैं। अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी ने फुटबॉल जगत या यूं कहें कि खेलों के इतिहास में सपने वाली संपूर्णता को हकीकत में तब्दील किया है। अगर क्रिकेट के चश्मे से देखें तो सचिन तेंदुलकर जो आधुनिक इतिहास के महानतम खिलाड़ी हैं, उन्होंने भी 2011 में वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनते हुए यही संपूर्णता हासिल की थी।

### मेसी के दिल में हमेशा रही विश्व विजेता बनने की हसरत

तेंदुलकर ने 1992 से वर्ल्ड कप खेलना शुरू किया था और सौ शतक वाली असाधारण लेकिन निजी कामयाबी के बावजूद उनके दिल में सिर्फ और सिर्फ एक ही हसरत थी। भारत को वर्ल्ड कप जीताना। उस टीम का हर खिलाड़ी देश के साथ साथ तेंदुलकर के लिए भी कप जीतना चाहता था जो मेसी के साथ 2022 में हुआ।

### विराट भले ही माने रोनाल्डो को महान, लेकिन मेसी कई कदम आगे हैं

विराट कोहली भले ही रोनाल्डो को महानतम मानते हों लेकिन अब उनकी राय से इत्तेफाक रखने वाले करोड़ों विराटियन भी उनके साथ खड़े नहीं हो सकते हैं। मेसी ने उस बहस को सिरे से खारिज कर दिया। अगर आपके जीनियस से आपकी टीम वर्ल्ड कप नहीं जीतती है तो आपकी जीनियस अधूरी है। आप तमाम तर्क और कुतर्क दे सकते हैं लेकिन इतिहास अक्सर आपको आपकी ट्रॉफी के चलते याद करता है।

### कप्तान के तौर पर गांगुली मिसाल, लेकिन धोनी को मिला सबसे ज्यादा प्यार

सौरव गांगुली ने भले ही अपने लड़ाकू नजरिये से भारतीय क्रिकेट में एक क्रांति लायी लेकिन एक नहीं बल्कि 2 वर्ल्ड कप जीतने वाली धोनी को ही सबसे ज्यादा दुलार मिलता है। कई मौके पर तो ऐसा भी लगता है कि कहीं धोनी की लोकप्रियता तेंदुलकर से भी ज्यादा तो नहीं है। धोनी ने कप्तान के तौर पर क्रिकेट में संपूर्णता हासिल की है। दो वर्ल्ड कप के अलावा धोनी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है और ऐसा करने वाले वो इकलौते कप्तान हैं।

## मेसी में धोनी-सचिन की झलक

कई मायनों में मेसी के रवैये में आपको धोनी की झलक मिलती है। वही शांत स्वभाव, वही नैसर्गिक भाव।। मानो ये कह रहे हो कि ठीक है वर्ल्ड कप जीत भी लिया तो क्या। तेंदुलकर और धोनी की तरह मेसी ने खेल के मैदान में जो संपूर्णता हासिल की है वो ना सिर्फ काबिलियत बल्कि किस्मत के जरिये भी तय होती है। कहा जाता है कि अगर पूरी कायनात आपको कामयाब बनाने के लिए शिद्दत से प्रार्थना करने लगे खेल के ईश्वर को भी झुकना पड़ता है। मेसी की पटकथा ने इस लेखक को फुटबॉल में भी ईश्वर के होने का अहसास करा दिया है।



# फीफा वर्ल्ड कप में रणवीर को देख लोगों ने कहा- लग रहा शर्त में पैसे हार गए, दीपिका के साथ देख बोले- ड्रामेबाज

**मुंबई, ईएमएस।** कतर में रविवार को फीफा वर्ल्ड कप का फाइनल मैच था, जिसे लेकर दुनिया भर के फैन्स काफी उत्साहित नजर आए। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए इस इंटरेस्टिंग के गवाह कई बॉलीवुड स्टार भी बने, जिन्होंने इस मैच का आनंद सीधे स्टेडियम में लिया। इन सितारों में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह भी शामिल थे, जिनका वीडियो अब सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। दीपिका और रणवीर का एक और मजेदार वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर लोग तरह-तरह के कॉमेंट भी कर रहे हैं। रणवीर और दीपिका इस वीडियो में मैच का लुत्फ उठाते दिख रहे हैं। दोनों हैरानी भरी निगाहों से स्टेडियम में मैदान की तरफ देख रहे हैं और फिर अर्जेंटीना की जीत पर दोनों खुशी से कूद पड़ते हैं। हालांकि रणवीर सिंह और दीपिका के इस वीडियो को देख कई लोग उन्हें ओवरएक्टिंग की दुकान कह रहे हैं तो कुछ रणवीर की शक्ल देखकर मजाक उड़ा रहे हैं और लिखा है- ऐसा लग रहा कि रणवीर शर्त में पैसे हार गए हैं। लोग इन्हें गजब ड्रामेबाज कह रहे हैं।

# दुखी मत हो ब्रो किलियन एम्बाप्पे.. तुमपर गर्व है, तुमने इतिहास रच दिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आसपास की कुर्सियां खाली। उसी खाली कुर्सी में से एक पर एक महान फुटबॉलर शून्य को निहारता हुआ बैठा है। उसके चेहरे पर हताशा, गम, निराशा सब दिख रहा था। वो तन्हा गम को भुलाने की कोशिश कर रहा था। लगातार दूसरी बार फुटबॉल विश्वकप में उनकी टीम पहुंची थी। एक वक्त तो लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के करीब भी पहुंच गए थे। लेकिन इसबार भाग्य ने अर्जेंटीना का साथ दिया। फ्रांस को फाइनल में हार मिली। गम और गुबार में डूब गया फ्रांस का महान खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे। ये किलियन एम्बाप्पे का ही कमाल था कि फ्रांस दूसरे हाफ में हारी हुई बाजी जीतने के करीब पहुंच गई थी। हालांकि पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना ने फ्रांस को 4-2 से हराकर 36 साल बाद विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जिस एम्बाप्पे ने 2018 में अपनी टीम के साथ विश्वकप का खिताब जीता था। इस बार के विश्वकप में उन्होंने करिश्मा कर दिया। फ्रांस की तरफ से फुल टाइम तक जो 3 गोल किए गए थे वो सभी एम्बाप्पे की तरफ से ही किए गए थे। 1966 विश्वकप फाइनल में इंग्लैंड के जीत के हीरो रहे इंग्लैंड की जीत के हीरो Geoff Hurst ने तीन गोल किए थे। इसके बाद पहली बार किसी एक खिलाड़ी ने फाइनल में हैट्रिक गोल किया था। उस खिलाड़ी का नाम एम्बाप्पे था। उनका गम में डूबना तो जायज हो सकता है। लेकिन कहते हैं न किस्मत भी संघर्ष करने वालों का साथ देती है। इसलिए एम्बाप्पे आप मोरक्को के खिलाफ अपने उस ट्वीट को याद करिए। आपने लिखा था, च्दुखी मत हो भाई आपने जो किया है, उसपर हर कोई नाज कर रहा है। आपने इतिहास बना दिया है।ज मोरक्को को हराने के बाद एम्बाप्पे ने उसके खिलाड़ी अचरफ हकिमी को टैग करते हुए ये शब्द लिखा था। एम्बाप्पे अपने इस ट्वीट को याद करिए। आप महान हैं। आपने जो करिश्मा किया है, उसका अर्जेंटीना भी इस्तकबाल कर रहा होगा। क्योंकि एक हारी हुई बाजी को अपने जीत की दहलीज तक पहुंचा दी थी। हार-जीत तो खेल का हिस्सा है। आप बेजोड़ हैं, इसका नमूना आपने कतर के में दिखा दिया। क्यों फुटबॉल के मैदान में लोग आपके नाम से खौफ खाते हैं। ठीक है कि अब विश्वकप में आपको 4 साल बाद अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलेगा। आप चार साल तक खुद को और निखारिए, और मजबूती के साथ मैदान में उतरिए। किस्मत आपके साथ जरूर होगी।

## मेसी भी तो उदास हुए थे

2014 का विश्वकप फाइनल याद करिए न। इस मैच में आज जीत का जश्न मना रहे मेसी भी थे। तब जर्मनी ने अर्जेंटीना को फाइनल मुकाबले में हरा दिया था। मेसी भी तो कुछ वैसे ही उदास हुए थे। लेकिन देखिए उनके संघर्ष और जज्बे ने उन्हें क्या मौका दे दिया। आज वो विश्वकप विजेता टीम के हिस्सा हैं। अपना संभवतः आखिरी विश्वकप खेल रहे मेसी के लिए ये पल यादगार रहेंगे। एम्बाप्पे आपने तो टीनएज में ही विश्वकप का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। क्या हुआ जो गर एक मौका चूक गए। अभी तो कई मौके आने वाले हैं। भूलिए इस गम, गुबार को।



# सिर्फ शहनाज ही कर सकती हैं रैम्प पर गिद्दा, नजारा ऐसा कि तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा हॉल

**मुंबई, एजेंसी। सबकी चहेती शहनाज कौर गिल का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल किया जा रहा है। इस वीडियो में शहनाज दिल्ली के एक फैशन शो में रैम्प वॉक करती नजर आ रही हैं। गुलाबी रंग के मरमेड गाउन में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही हैं। शहनाज इस शो की शो स्टॉपर थीं। शहनाज ने पहले तो काफी हसीन अंदाज में रैम्प वॉक किया लेकिन एकाएक म्यूजिक सुन वह डिजाइनर संग गिद्दा करने लगी। शहनाज की इस अदा को देख पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं, फैंस भी इस वीडियो को देख शहनाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। शहनाज का यह वायरल वीडियो रविवार, 18 दिसंबर को दिल्ली में हुए एक फैशन शो का है, जिसमें वह फैशन डिजाइनर केन फर्नांस की शो स्टॉपर बनीं। वीडियो में शहनाज और केन साथ में थिरकते नजर आए। इस वीडियो को देख शहनाज के फैंस काफी खुश हैं।**

**चसिर्फ शहनाज ही ऐसा कर सकती है-** शहनाज गिल के वीडियो पर फैंस के रिएक्शन कमाल के हैं। एक यूजर ने लिखा, च्हमें आप पर गर्व है।वहीं दूसरे ने लिखा, चसिर्फ शहनाज ही ऐसा कर सकती है।एक और यूजर ने शहनाज की तारीफ में कहा, आग लगा दी, आग लगा दी।

**बॉलीवुड डेब्यू-** शहनाज गिल जल्द ही अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। एक्ट्रेस सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आएंगी। इस फिल्म में सलमान और शहनाज के अलावा रितेश देशमुख, जॉन अब्राहम, नोरा फतेही भी मौजूद हैं। फिलहाल शहनाज यूट्यूब पर अपने टॉक शो देसी वाइब्स विद शहनाजज में व्यस्त हैं। इस शो में अबतक राजकुमार राव, आयुष्मान खुराना और विक्की कौशल मेहमान के तौर पर आ चुके हैं।

# गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी के शूटरों का कमाल



**जबलपुर, यशभारत।** 65वीं नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता के राइफल एवं पिस्टल इवेंट में गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर से कुल 73 राइफल एवं पिस्टल शूटर्स ने भाग लिया था, जिसमें से 8 शूटर्स ने 21 पदक जीते 10 स्वर्ण 2 रजत एवं 9 काँस्य, 54 शूटर्स रिनाउंड शॉट बने जिसमें से 27 शूटर्स ने इंडियन टीम सिलेक्शन ट्रायल्स के लिए क्वालीफाई किया है। विदित हो कि समस्त शूटर्स गन फॉर ग्लोरी अकादमी जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय कोच निशांत नथवानी एवं शक्ति चक्रवर्ती से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।अकादमी के संचालक प्रशांत जैन ने बताया कि शूटर्स को नेशनल प्रतियोगिताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण, विदेशी कोच, अतिरिक्त अभ्यास, फिजियो थेरेपी,माइंड ट्रेनिंग एवं अन्य सभी उच्च स्तरीय सुविधाएँ शूटिंग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग एसोसिएशन ऑफ जबलपुर की सहायता से जबलपुर में ही प्रदान कर रही है। आगामी वर्षों में निश्चित रूप से जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शूटर्स बढ़ेंगे, एवं संस्कारधानी का नाम अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अंकित होगा।

## राइफल शूटर्स के नाम इस प्रकार हैं

डरायस, ऋषव, अश्विनी, उत्तम, दिव्यम, सत्यार्थ, अजय, आशना, , खुशी, ऐश्वर्या, स्मेरा, शिवाली, खुशी, कनक, रामयानी, अस्मि, नव्या, अर्शिया, गौतमी, आरनिशा, श्रेया, आशय, अतुल, प्रांजल, एकांश, अभिनव, राहुल, उदित, विकल्प, अनंत, अंशिका, पल्लवी, सागरिका, इशिता, हर्षल।

## पिस्टल शूटर्स के नाम इस प्रकार हैं

अब्दुल, हरनूर, आर्ना, आर्या, महिमा, प्रथा, फैजान, पवन, निशांत, ईशान, शिवम, मेल्विन, ऋतिक, वैष्णवी, सौम्या, तराशी, ट्युलिप, वैशाली, निशात।

# 16 गोलबाजार कप 2022 23 सिमराज स्पोर्ट्स विजयी



**जबलपुर,यशभारत।** महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, वर्धमान स्पोर्ट्स, सिमराज स्पोर्ट्स और गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में गोलबाजार क्रिकेट मैदान पर खेले गए मैच में वर्धमान स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी निर्णय लिया सिमराज स्पोर्ट्स ने बल्लेबाज़ी करते हुए 26.3 ओवरों सभी विकेट खोकर 206 रन बनाए जिसमें समर्थ जायसवाल ने 55, अर्श जैन 31, ध्रुव गुप्ता 19 रौनक मंडल 17 रन बनाए वर्धमान स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाज़ी में अफसार खान, अभिनव वर्मा, आग्नेय अग्रवाल ने 2,2 विकेट लिए विदुषी गौतम, अर्हम सिंघई, नमन मालवीय 1, 1विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी वर्धमान स्पोर्ट्स ने 23 ओवरों 175 रन पर सिमट गई जिसमें आग्नेय अग्रवाल 24, ऋषभ सुंदरानी 18, पियूष सेन 17, अनिमेष जैन 16, अफसार खान 15 रनो का योगदान दिया सिमराज स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाज़ी में कप्तान पार्थ नेमा 3, अर्श जैन, ध्रुव गुप्ता, प्रांतिक कायल, वंश कोरी, आरव विश्वकर्मा ने 1,1 विकेट लिए यह मैच सिमराज स्पोर्ट्स ने 31रनो से जीता, मैच के पूर्व में महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के लेखाधिकारी सतीश पटेल जी ने टॉस कराकर बच्चों से परिचय प्राप्त किया मैच के समापन में संचालक सिमराज स्पोर्ट्स से आकाश सिंह और वर्धमान स्पोर्ट्स से सौरभ जैन जबलपुर शहर के जानेमाने वरिष्ठ खिलाड़ी अचल सिंह गौर के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार पार्थ नेमा को दिया गया, गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी से अंकित यादव, नीरज खंडेवाल, संजय मिश्रा, अंकित मिश्रा उपस्थित रहे।

### पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता

# मुंबई, छतरपुर, ग्वालियर, नांदेड़, सोलापुर की टीमें अगले दौर में





**जबलपुर यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग के तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के पहले दिन से ही रोचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। जिसमें मुंबई, छतरपुर, ग्वालियर, एसआरटीएमयू नांदेड, सोलापुर की टीमें अगले दौर में पहुंची। मुंबई ने उदयपुर विश्वविद्यालय को 10-0 से पराजित किया। इसी प्रकार छतरपुर ने अहमदाबाद विश्वविद्यालय को 4-3, ग्वालियर ने बीकानेर को 4-0, एसआरटीएमयू नांदेड़ ने गांधीनगर विश्वविद्यालय को 4-0 एवं सोलापुर विश्वविद्यालय ने वैश्य नगर 6-0 से परास्त किया। इस प्रतियोगिता में पांच राज्यों की की 93 टीमें भाग ले रही हैं जिसमें लगभग कोच मैनेजर सहित अठारह सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### शहर के 7 खेल मैदानों में फुटबॉल प्रतियोगिता, दिनभर हुए मैच

विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल बन्ने ने बताया गया कि इस प्रतियोगिता में पांच राज्यों से लगभग कोच मैनेजर सहित अठारह सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनके रहने की व्यवस्था खेल मैदानों के नजदीकी गई है। प्रतियोगिता शहर की 7 खेल मैदानों क्रमशः रानी दुर्गावती खेल परिसर, शिवाजी ग्राउंड, रेलवे स्टेडियम, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय खेल परिसर, साइंस कॉलेज मैदान, विद्यानगर खेल परिसर एवं खमरिया कॉलेज ग्राउंड पर खेली जा रही हैं। इस मौके पर डॉ.ज्योति, डॉ. ज्योति जाट, मोहिनी बावकर, सुदर्शन ठाकुर, डॉ. शालिनी यादव, डॉ. नेहा तिवारी, प्रसनजीत चटर्जी, डॉ. आशीष पांडे, डॉ. सचिन कोष्टा, डॉ. कन्हैया राठौर, हेमंत शर्मा, डॉ.मनीष मिश्रा, प्रवीण पांडे, सुशील शर्मा, राजेश तोमर आदि उपस्थित रहे। विभिन्न ग्राउण्ड्स पर हरीश दुबे, संजय कुमार, महिपाल, श्सलीम बेग, डॉ.आशीष निगम, अवधेश दुबे, विवेक चौबे, एलएन रजक, विशाल यादव, डॉ सुनील दत्त लखेरा, रवि के संयोजन में दिनभर खेल मैदानों में फुटबॉल मैचों के आयोजन हुए।

## सड़क किनारे अलाव सेंक रहे दो युवकों को पिकअप ने कुचला

### एक की मौके पर मौत, दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना क्षेत्र की निवार पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बिचुआ में सड़क किनारे अलाव जलाकर हाथ सेंक रहे दो युवकों को पिकअप वाहन ने कुचल दिया। घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिचुआ निवासी 19 वर्षीय महेंद्र पिता डब्बू कोल अपने साथी 18 वर्षीय अशोक पिता लल्लू कोल और गांव के अन्य युवा सुबह चार बजे घूमने निकले थे। बताया जाता है कि इस दौरान ठंड के कारण सभी मित्र सड़क किनारे अलाव जलाकर हाथ सेंक रहे थे। उसीदौरान गांव की ओर से आ रहे एक पिकअप वाहन ने महेंद्र व अशोक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में महेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अशोक को गंभीर हालत में परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिकअप वाहन गांव के ही किसी पप्पू तिवारी का बताया जा रहा है। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लिए और उनका जिला अस्पताल में शवपरीक्षण कराया। पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।




**निवार पुलिस चौकी के ग्राम बिचुआ में दर्दनाक हादसा**

## संदीप कालोनी में जबलपुर लोकायुक्त टीम की कार्रवाई

## बरही हल्का पटवारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

### खसरा अपडेट करने के एवज में मांगे थे 5 हजार

**कटनी/बरही, यशभारत।** रीवा लोकायुक्त की टीम के बाद आज जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने तहसील मुख्यालय बरही की संदीप कालोनी में कार्रवाई की है। जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने बरही तहसील के हल्का नंबर 10 बरही नगर व बिचपुरा के पटवारी जेपी उर्फ जयप्रकाश सिंह को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पटवारी के संदीप कालोनी स्थित आफिस में की गई। लोकायुक्त की टीम ने यह कार्रवाई बरही के मौलाना वार्ड क्रमांक 10 स्टेशन रोड निवासी 43 वर्षीय दिलराज किशोर पिता स्वर्गीय राम प्रसाद अग्रवाल की शिकायत पर की है। बताया जाता है कि दिलराज किशोर ने बिचपुरा में जमीन खरीदी थी, जिसका नामांतरण हो चुका था लेकिन कम्प्यूटर में ऑनलाइन अपडेशन नहीं हुआ था। दिलराज किशोर से पटवारी जय प्रकाश सिंह ने खसरा अपडेट करने के लिए 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। पटवारी के द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायत जबलपुर लोकायुक्त से की थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आज मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने जाल बिछाकर पटवारी जयप्रकाश सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान जबलपुर लोकायुक्त टीम के निरीक्षक कमल सिंह उइके, निरीक्षक रेखा प्रजापति, निरीक्षक नरेश बहरा सहित टीम के 8 सदस्य मौजूद रहे।



गौरतलब है कि दिलराज किशोर अग्रवाल के द्वारा विगत 10 मार्च 22 को बरही तहसील में पदस्थ रीडर को रिश्वत देते हुए पकड़वाया गया था। अब 9 माह बाद पटवारी जयप्रकाश सिंह पर भी उसके द्वारा कार्रवाई करा दी गई। जिसके कारण समूचे राजस्व महकमे में हड़कंप मच गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कल सोमवार को रीवा लोकायुक्त की टीम ने बरही में ही कार्रवाई करते हुए पड़ोसी जिला उमरिया के एक पटवारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

## रिश्वत लेने वाला सचिव निलंबित

**कटनी, यशभारत।** जनपद पंचायत बड़वारा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में पीएम आवास की द्वितीय किश्त जारी करने के एवज में रिश्वत लेने वाले सचिव को जिला पंचायत सीइओ विकास विभाग ने निलंबित कर दिया है। मामले में लोकायुक्त के द्वारा न्यायालय में चालान पेश करने पर यह कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बड़वारा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में ग्राम रोजगार सहायक बलराम पटेल एवं सचिव सुमत लाल यादव ने आवेदक प्रीतम निवासी देवरी गुड़ा से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत द्वितीय किश्त की राशि खाते में ट्रांसफर करने के एवज में 15000 रिश्वत की मांग की गई थी। आरोपी बलराम पटेल रोजगार सहायक द्वारा प्रीतम कोल से 5000 रुपए रिश्वत की राशि लेकर सह आरोपी सचिव सुमित लाल यादव को आधी राशि 2500 रुपए दिए गए थे। आरोपियों को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने रंगेहाथों पकड़ा था और अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर द्वारा आरोपी बलराम पटैल ग्राम रोजगार सहायक एवं सह आरोपी सुमत लाल यादव ग्राम पंचायत देवरी गुड़ा के विरुद्ध विशेष न्यायालय कटनी में चालान प्रस्तुत किया गया है। जिसके फलस्वरूप अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र के निर्देशों के अनुक्रम में जिला पंचायत के सीइओ शिशिर गेमावत द्वारा सुमत लाल यादव तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत देवरी गुड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय जनपद पंचायत बड़वारा नियत किया गया है।

**लोकायुक्त के न्यायालय में चालान पेश करते ही जिपं सीइओ ने की कार्रवाई**

## आज भी निर्धारित मार्ग से चलेगी शक्तिपुंज एक्सप्रेस

**कटनी, यशभारत।** पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मण्डल में प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि में जबलपुर से हावड़ा के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस को 14 दिसंबर से 29 दिसंबर तक की अवधि में परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय में फेरबदल करते हुए रेलवे ने एक बार फिर 19 व 20 दिसंबर को इस ट्रेन को निर्धारित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है। जिसके कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक कल 19 दिसंबर और आज 20 दिसंबर को गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग होकर चलाया जाएगा। अर्थात शक्तिपुंज एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में दो दिन सिंगरौली, चौपन, गढ़वा रोड जंक्शन, बरकाकाना, चंद्रपुरा जंक्शन, कतरासगढ़ स्टेशन होकर जाएगी।

## ऑपरेशन के बाद जमीन पर लेटी महिलाएं

### नसबंदी शिविर में नहीं मिले पलंग, राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम में नहीं थम रही मनमानी





**कटनी, यशभारत।** शासन व प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद जिले में स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही हैं। जिले में स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। जिले का स्वास्थ्य अमला इतना निरंकुश हो गया है कि अब राष्ट्रीय कार्यक्रमों तक में लापरवाही करने से बाज नहीं आ रहा है।

परिवार नियोजन जैसे कार्यक्रम के तहत जिले में आयोजित होने पर नसबंदी शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व में जिला अस्पताल व रीठी स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही का मामला सामने आ चुका है तो वहीं अब फिर जिला अस्पताल में मनमानी सामने आई है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल के 150 बिस्तर वाली बिल्डिंग में सोमवार को नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान कन्हवारा क्षेत्र की 40 महिलाओं के ऑपरेशन हुए। ऑपरेशन के लिए 50 महिलाओं के पंजीयन हुए थे लेकिन पॉजिटिव आने व अनफिट होने के कारण 10 ऑपरेशन नहीं हो पाए।

ऑपरेशन के बाद अस्पताल प्रबंधन महिलाओं को पलंग तक उपलब्ध नहीं करवा सका। जमीन पर ही गद्दे बिछाकर महिलाओं को लिटाया गया। गद्दों पर न तो बैडशीट बिछाई गई और न ही पर्याप्त कंबल दिए गए। हैरानी की बात तो यह रही कि ऑपरेशन के बाद महिलाओं को पलंग पर बिना बैडसीट के रैग्जीन के गद्दों में लिटा दिया गया, जिसके चलते आपरेशन के बाद महिलाएं ठंड से ठिठुरती रहीं। जमीन में टेंट के गद्दे बिछाकर एक साथ दो से तीन महिलाओं को लिटाया गया। किसी को सिर की तरफ तो किसी महिला को दूसरी महिला के पैर की तरफ लिटा दिया गया। ठंड का सीजन होने के बाद भी कंबल तक की व्यवस्था नहीं की गई। साथ में आई महिलाएं शॉल आदि का सहारा लेकर महिलाओं को ढंकती रहीं। इस संबंध में कन्हवारा बीएमओ डॉ. राज सिंह का कहना था कि कैंप में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

### विजयराघवगढ़ में भी आयोजित हुआ शिविर

विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल में भी नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। यहां सर्जन ने 120 महिलाओं की नसबंदी की जबकि स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन के अनुसार एक दिन में 50 या अधिकतम 60 ऑपरेशन किए जा सकते हैं लेकिन नियमों को दरकिनार कर लक्ष्य पूरा करने एक ही दिन में अधिक संख्या में ऑपरेशन कर दिए गए।

### और यहां ओपीडी से गायब रहे चिकित्सक



जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जिला अस्पताल की ओपीडी में भी प्रतिदिन देखने को मिल रहा है। ओपीडी में चिकित्सक समय से नहीं बैठते, जिससे उपचार कराने के लिए पहुंचने वाले मरीजों व परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही मामला सोमवार को सामने आया। दोपहर साढ़े 12 बजे 6 नंबर ओपीडी में एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं थे, जिससे मरीजों को परेशानी हुई। इसके अलावा महिला रोग विशेषज्ञ ओपीडी में सिर्फ एक महिला चिकित्सक मौजूद रहीं, जिससे महिलाओं को समस्या हुई।

### इनका कहना है

यह शिविर कन्हवारा स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आयोजित हुआ है। संपूर्ण व्यवस्था वहां के बीएमओ को करनी थी। **-डॉ.एस पी सोनी,** प्रभारी सीएस


### सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म निर्मला मिनरल्स पता यश टावर पाठक वार्ड मुरवारा कटनी- 483501 (म.प्र.) के भागीदार श्री वरूण कुमार गौतम आत्मज श्री राजेन्द्र कुमार गौतम दिनांक 07.10.2021 फर्म से अलग (पृथक) होते हैं।

**दिनांक:- 20.12.2022** भवदीय

**निर्मला मिनरल्स**
**भागीदार- श्री यश पाठक**

### सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म आनंद माइनिंग कारपोरेशन पता यश टावर पाठक वार्ड मुरवारा कटनी- 483501 (म.प्र.) के भागीदार श्री वरूण कुमार गौतम आत्मज श्री राजेन्द्र कुमार गौतम दिनांक 07.10.2021 फर्म से अलग (पृथक) होते हैं।

**दिनांक:- 20.12.2022** भवदीय

**आनंद माइनिंग कारपोरेशन**
**भागीदार- श्री यश पाठक**


## उपभोक्ताओं को रीडिंग कम करने का झांसा देकर वसूली कर रहे मीटर रीडर

### कई जगह से आ रहीं शिकायतें, सौ से दो सौ रुपए प्रतिमाह लेने का आरोप

**कटनी, यशभारत।** मीटर रीडिंग करने घर-घर पहुंचने वाले रीडर बिजली उपभोक्ताओं को चपत लगाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। वे उपभोक्ताओं को खपत कम करने और उसके जरिए बिल कम करने का झांसा देकर सौ से दो सौ रुपए तक वसूल रहे हैं। मीटर रीडर दिन भर में पांच से दस उपभोक्ताओं को इस तरह अपना शिकार बनाकर उनसे रुपए ऐंठ रहे हैं। यह खेल खुलेआम खेला जा रहा है लेकिन आला अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही मीटर रीडर रीडिंग के दौरान देखता है कि उपभोक्ता छूट के दायरे में आ रहा है तो वह उसे डराने लगता है कि उसका बिल अधिक आने वाला है। उसे पांच से दस हजार रुपए तक बिल जमा करना होगा। इसके बाद रीडर यह कहता है कि यदि उसे दो सौ रुपए दिए जाएं तो वह रीडिंग कम कर देगा और इससे बिल कम आएगा। यदि उपभोक्ता रुपए दे देता है तो रीडर सही रीडिंग दर्ज कर निकल जाता है लेकिन यदि रुपए नहीं मिलेए तो वह रीडिंग के दौरान गड़बड़ी की जाती है।



### इनका कहना है

यदि कोई मीटर रीडर ऐसा करता है तो इसकी शिकायत तत्काल बिजली कंपनी के अधिकारियों से करें। रीडर को तत्काल नौकरी से अलग कर उसके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

**-सुभाष नागेश्वर,** कार्यपालन यंत्री, शहर संभाग


**मंगलम मैरिज गार्डन**

सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीव्ही कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर



पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861




**प्लाट बिकाऊ हैं**

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
मो. 9993705740

**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668



वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
**डॉ. अशोक चौदहा**
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

**SHRI HOSPITAL KATNI**




विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
**डॉ. शोभित प्यासी** बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
**डॉ. उपासना स्थापक** बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी 9425325316, 9425151543, 9752414316



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)